




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 259 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 2 जुलाई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### सीएम साय की पहल पर दिव्यांग संतोषी की खुशी हुई दोगुनी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और दिव्यांग लोगों को तत्काल सहायता दी जा रही है। उनकी संवेदनशीलता से मौके पर ही दिव्यांगजनों को राशनकार्ड, व्हीलचेयर एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। फरियाद लेकर आने वाले दिव्यांग संतोषी को तत्काल सहायता मिलने पर आंखों में खुशी छलक उठी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

इस कड़ी में गरियाबंद जिले के नगर पंचायत कोपरा निवासी कुमारी संतोषी साहू जो कि जन्म से ही अस्थि बाधित दिव्यांग है। उन्होंने प्रशासन को अपनी समस्या से अवगत कराते कहा कि आधार कार्ड बनाने के लिए आधार सेंटर जाती थी तो मेरे बौनापन से छोटे-छोटे होने के कारण उनका आधार कार्ड बनाने के लिए किये गये रजिस्ट्रेशन बार-बार रिजेक्ट हो जाता था। जिस कारण आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। इस पर उनके अभिभावकों के साथ जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्या बताई। कलेक्टर ने संतोषी साहू की समस्या को तत्काल संज्ञान मे लेकर संबंधित विभाग को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे।

अधिकारियों ने उनकी समस्या को देखते हुए संतोषी के लिए आधार कार्ड के साथ-साथ मेडिकल प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, राशन कार्ड, नि:शुल्क बस यात्रा पास तथा आने-जाने के लिए व्हीलचेयर दिया गया। अब वह शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा पायेगी, राशन दुकान से अब उन्हें प्रति माह राशन सामग्री मिलेगी। वह अपने जरूरी काम व्हीलचेयर माध्यम से कहीं भी जाकर कर सकेगी। जिला प्रशासन ने उनके लिए नि:शुल्क बस यात्री पास बनाकर भी दिया है। ताकि वह यात्रा कर सके। संतोषी छत्तीसगढ़ शासन की बहुत सारी योजनाओं का लाभ पाकर गदगद हो गई।

# फाइंड कर लिया गया हार का फैक्ट?

## 4 दिनों तक हार के कारण तलाशने के बाद वापस लौटी कमेटी, एआईसीसी को सौंपेगी रिपोर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में मिली हार के कारण जानने छत्तीसगढ़ आई कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी 4 दिनों तक खाक छानने के बाद वापस लौट गई। लेकिन कमेटी के इस 4 दिवसीय दौरे में कांग्रेस की आंतरिक कलई बुरी तरह से खुलकर सामने आई। आपसी सामंजस्य का अभाव, गुटबाजी, भितरघात और मनमाने टिकट वितरण को खासतौर पर हार की वजह बताया गया। इस बीच सोशल मीडिया में आए एक गुमनाम पत्र ने भी काफी हलचल मचाई। इस पत्र में प्रदेश के बड़े नेताओं को निशाने पर लिया गया है। हालांकि कमेटी के सदस्य हरीश चौधरी ने इस पत्र से पल्ला झाड़ लिया, पर पार्टी के ही भीतर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इधर, एक बार फिर इस बात की चर्चा जोरों पर है कि प्रदेश संगठन में बदलाव हो सकता है।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली की अगुवाई में एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी को छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के कारण तलाशने थे। मोइली के साथ हरीश चौधरी को भी कमेटी में शामिल किया गया। दोनों नेताओं के साथ ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने पूरे 4 दिनों तक हार के कारण जानने कई बैठकें की। राजधानी रायपुर में ही उच्चस्तरीय दो बैठकें हुई। वहीं कांकेर और बिलासपुर में भी बैठकें रखी गई। मोइली समेत तमाम नेताओं के समक्ष इस दौरान कार्यकर्ताओं की खासी नाराजगी सामने आई। वरिष्ठ नेताओं से यहां तक कह दिया गया कि हार के कारण तलाशने हैं तो जेल में बंद घोटाले के आरोपियों से पूछा जाए। साफ तौर पर हार के पीछे घोटालों को प्रमुख वजह बताया गया। कमेटी ने स्थानीय संगठन के नेताओं, विधायकों, छाया विधायकों समेत तमाम लोगों से खुलकर चर्चा की। अपना मिशन पूरा करने के बाद फैक्ट फाइंडिंग कमेटी वापस लौट गई है, जहां हार के कारणों की रिपोर्ट बनाकर एआईसीसी को सौंपी जाएगी।

इधर, सोमवार को अंतिम बैठक के बाद रायपुर में कमेटी के सदस्य हरीश चौधरी ने कहा कि कमेटी ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं की बातों को सुना है। लोकसभा प्रत्याशियों के साथ ही विधायकों के साथ भी चर्चा की गई है। जांच के नतीजों की रिपोर्ट जल्द ही तैयार कर एआईसीसी को सौंप दी जाएगी। दूसरी ओर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने सत्ता व संगठन के



बीच तालमेल के अभाव को नकार दिया, जबकि कार्यकर्ताओं ने हार के कारणों में इसे भी गिनाया था। बैज ने यह जरूर स्वीकार किया कि कुछ कमियां रह गई, जिसकी वजह से लोकसभा चुनाव में सफलता नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं ने कमेटी को अपने सुझाव दिए हैं। सबने अपना-अपना पक्ष भी रखा है। आने वाले समय में नगरीय निकाय और पंचायतों के चुनाव मजबूती के साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद जिला स्तर पर हार की समीक्षा की गई थी। अब आगे नई रणनीति के साथ मैदान में उतरेंगे।

### बड़े नेता हार के जिम्मेदार

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार के लिए कार्यकर्ताओं ने बड़े नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। बिलासपुर की बैठक में टीम के प्रभारी वीरप्पा मोइली के सामने यहां तक कह दिया गया कि कांग्रेस की हार की वजह को समझना है तो जेल में बंद घोटाले के आरोपियों से जाकर पूछा जाए। वे ही बेहतर बताएंगे। मतलब कि कांग्रेस की हार में घोटाले भी प्रमुख वजह रहे। कहा गया कि जो जेल में बंद हैं, उनके इशारों पर सरकार चलती थी। प्रदेश में 28 जून से लेकर एक जुलाई तक फैक्ट फाइडिंग कमेटी ने दौरा किया। बैठकों के आधार पर कमेटी एआइसीसी को रिपोर्ट सौंपेगी। दौरे के अंतिम दिन कमेटी ने राजनांदगांव व दुर्ग में समीक्षा की। राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तो दुर्ग संसदीय क्षेत्र से उनके करीबी राजेन्द्र साहू को टिकट दी गई थी। दोनों को पराजय का सामना करना पड़ा। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा व बस्तर में हार के लिए प्रदेश के नामचीन नेता निशाने पर रहे। हालांकि कमेटी ने इन तमाम बड़े नेताओं से भी चर्चा कर पराजय के कारण पूछे।

### निशाने पर संगठन, होगा बदलाव?

समीक्षा के दौरान संगठन के कई नेता निशाने पर रहे। पीसीसी बिल्डिंग में पिछले कुछ विवादों की भी चर्चा रही। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पर भी उंगलियां उठी। इसके चलते संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी हाईकमान संगठन में परिवर्तन कर सकता है। इससे पहले उन आरोप-प्रत्यारोपों पर भी गौर किया जाएगा, जो कि प्रदेश के बड़े नेताओं पर लगाए गए हैं। एआइसीसी को भेजी जाने वाली रिपोर्ट में उन सभी बातों का जिक्र होगा, जो कि दौरे के दौरान पदाधिकारियों ने कमेटी के सामने रखी। जिन नेताओं पर उंगलियां उठाई गई, कमेटी ने उनसे भी जवाब लिया है। पीसीसी चीफ दीपक बैज पिछले कार्यकाल में बस्तर से सांसद थे। इस बार पार्टी ने उनकी जगह विधायक कवासी लखमा को टिकट दिया था। लखमा ने अपनी पराजय के लिए जो कारण गिनवाए वे भी कम चौंकाने वाले नहीं थे। इसलिए माना जा रहा है कि पीसीसी चीफ के रूप में दीपक बैज पर भी तलवार लटक रही है, क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में चुनाव हुए थे।

### गुमनाम पत्र पर बवाल

पार्टी की पराजय को लेकर वरिष्ठ नेताओं पर उठ रही उंगलियों के बीच एक गुमनाम पत्र सोशल मीडिया में छाया हुआ है। इस पत्र को लेकर कांग्रेस में बवाल मचा हुआ है। पत्र में किसी का नाम तो नहीं है, लेकिन कांग्रेस की आंतरिक कलई इसमें पूरी तरह से खोलकर रख दी गई है। गुमनाम पत्र में लिखा गया है कि बड़े नेताओं के अहंकार की वजह से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार हुई। पत्र में कहा गया है कि चुनाव परिणामों पर समीक्षा करने आज नेता दिल्ली से रायपुर पहुंचे और विधानसभा, लोकसभा में हार के कारणों पर चर्चा की, जबकि आप स्वयं राहुल गांधी, कुमारी सैलजा, चन्दन यादव समेत प्रदेश का हर शख्स जानता है कि हार के मात्र दो कारण हैं। पत्र में हार का पहला कारण एक वरिष्ठ नेता की रणनीति को बताया है। जबकि दूसरा कारण कई प्रशासनिक अधिकारी, नेताओं के साथ ही सट्टा, शराब, कोयला, डीएमएफ जीएसटी, पीएससी जैसे घोटाले हैं। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा में हारे हुए पुराने चेहरों को टिकट दिया गया। दुर्ग से पांच मंत्री थे। सब हारे थे, फिर भी दुर्ग से चार लोगों को दूसरे क्षेत्रों से टिकट दे दिया गया। परिणाम ये हुआ कि सब हार गए। ज्योत्सना महंत जीतीं तो उसमें चरणदास या कांग्रेस का कोई रोल नहीं है। पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि हालांकि मैंने वायरल चिट्ठी को नहीं देखा है, लेकिन सुनने में जो आया है, उसके अनुसार उसमें शिकायतकर्ता का नाम नहीं है। इसलिए यह पत्र निराधार है। कांग्रेस के बड़े नेताओं को बदनाम करने की साजिश है। पत्र को लेकर कमेटी के सदस्य हरीश चौधरी ने कहा कि जिसने पत्र लिखा है वह कांग्रेसी नहीं हो सकता है। कांग्रेस का सदस्य होता तो परिवार में बात रखता। अपने पत्र को सार्वजनिक नहीं करता।

## ट्रेन हादसा: चलती मालगाड़ी से सात कंटेनर गिरे ट्रैक व बिजली लाइन टूटी, रेल सेवा प्रभावित



**करनाल ( एजेंसी )।** करनाल के तरावड़ी रेलवे स्टेशन पर अंबाला से दिल्ली की ओर जा रही रन थ्रू मालगाड़ी के पिछली बोगी के पहिए ट्रैक से उतर गए। जिसके कारण मालगाड़ी से सात कंटेनर ट्रैक पर गिर पड़े। सात कंटेनरों में से एक कंटेनर ओएचई पिलर से टकरा गया। जिससे ओएचई लाइन टूट गई और रेलवे ट्रैक बाधित हो गया। हादसे की सूचना के बाद करनाल जीआरपी और आरपीएफ की टीम में घटना स्थल पर पहुंची।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह चार बजे डाउन ट्रैक अंबाला से दिल्ली की ओर खाली कंटेनरों से लदी मालगाड़ी जा रही थी। जब मालगाड़ी तरावड़ी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी तो मालगाड़ी की पिछली बोगी के पहिए ट्रैक से नीचे उतर गए। मालगाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रैक से पहिए उतरने के बाद भी ट्रेन करीब डेढ़ किलोमीटर बाद रुकी।

जिस कारण पिछली चार बोगियों से सात कंटेनर उछलकर रेलवे ट्रैक पर जा गिरे। इनमें से एक कंटेनर ओएचई लाइन के पिलर से जा टकराया। जिससे दोनों अप-डाउन ट्रैक की ओएचई लाइन टूट गई और ट्रैक बाधित हो गया। हादसा होने के बाद सूचना जीआरपी और आरपीएफ थाना प्रभारी को दी गई। इसके तुरंत बात करनाल से दोनों टीम में तरावड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इसी दौरान एक अज्ञात ट्रक ड्राइवर ने डायल 112 को फोन कर हादसे की सूचना दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस भी रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

### हाइड्रा से कंटेनरों को ट्रैक से हटाया गया

रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे ट्रैक से कंटेनरों को हटाने के लिए एक हाइड्रा मंगवाई गई है। जिससे कंटेनरों को ट्रैक से हटाया गया। कंटेनरों को ट्रैक से हटाने के बाद ओएचई लाइन को दुरुस्त करने का काम शुरू किया गया। अभी फिलहाल दोनों ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बंद की गई है।

## एनटीपीसी ने ओवर फ्लो के कारण तोड़ा डैम, खेतों में फैला राखड़ युक्त पानी

**कोरबा।** जिले में पिछले 4 दिनों से जोरदार बारिश हो रही है, जिससे एनटीपीसी का धनरास राखड़ बांध लबालब भर गया है। बांध फूटने की आशंका को देखते हुए एनटीपीसी ने खुद से ही तोड़ दिया, जिससे पानी आसपास के खेतों को बर्बाद कर दिया। बताया जा रहा है कि डैम के आसपास के 40 एकड़ खेत में राखड़ वाला पानी बह गया है। किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान परेशान हैं और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वहीं बारिश से कई बस्तियों में पानी घुस गया है। नाले उफान पर नजर आ रहे हैं।


मिली जानकारी के मुताबिक 4 दिनों से हो रही रुक-रुककर बारिश के कारण राखड़ डैम भर गया था। अगर डैम को नहीं तोड़ा जाता तो डैम टूट भी सकता था, जिसके बाद एनटीपीसी प्रबंधन को बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता था, इसलिए उसे मजबूरन तोड़ना पड़ा। राखड़ डैम तोड़े जाने के बाद आसपास कई खेतों में राखड़ युक्त पानी घुस गया है। एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी उषा घोष ने बताया कि धनरास राखड़ तटबंध पूरी तरह सुरक्षित है। तटबंध उचित रखरखाव के साथ कार्यशील है। धनरास राखड़ तटबंध की ऊंचाई बढ़ाने के लिए अनुमति छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रबंधन मंडल से पहले ही ली जा चुकी है।

## Cricket: जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हुई टीम इंडिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जिम्बाब्वे के खिलाफटी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम मंगलवार तड़के भारत से रवाना हो गई। पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच छह जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 14 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाएगा। सभी पांच मुकाबले यहीं खेले जाने हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर जिम्बाब्वे के लिए रवाना होने वाले खिलाड़ियों की तस्वीरें साझा कीं। इसमें अभिषेक शर्मा, मुकेश कुमार, ऋतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रियान पराग शामिल थे। इस दौरे के दौरान भारत के कोच पूर्व क्रिकेटर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण होंगे। वह भी टीम इंडिया के साथ दिखे। बीसीसीआई ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा- जेट सेट जिम्बाब्वे।

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। टीम में टी20 विश्व कप के लिए मुख्य टीम के सिर्फतीन खिलाड़ी शामिल हैं- यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे और संजू सैमसन। टी20 विश्व कप का हिस्सा बनने वाली बाकी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद जैसे विश्व कप के रिजर्व खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया गया है।

पिछले 12 महीनों में आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करने वाले होनहार युवा खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने सोमवार को टी20



विश्व कप 2024 चैंपियन भारत के खिलाफअपनी आगामी सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी। पांच मैचों की टी20 सीरीज में जिम्बाब्वे ने भारत का सामना करने के लिए एक युवा टीम का चयन किया है। बेल्जियम में जन्में एंटम नकवी को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनका जुड़ना उनकी नागरिकता की स्थिति की पुष्टि के अधीन है।

घरेलू सर्किट में एंटम नकवी टी20 में 146.80 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी का रिकॉर्ड है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका 72.00 का प्रभावशाली औसत है और लिस्ट-ए क्रिकेट में उनका असाधारण औसत 73.42 है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कदम रखने से पहले उनकी क्षमता को दर्शाता है। हाल ही में संपन्न टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालिफाई करने में विफल रहने के बाद, जिम्बाब्वे नए मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स के पास टीम को फिर से बनाने की जिम्मेदारी होगी।

## लागू हो गया भारत का अपना कानून

श्रीकंचनपथ




देश में अपराधों से जुड़े तीन नए कानून लागू हो गए। ये कानून हैं भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023। अब तक देश में इनकी जगह ब्रिटिश कालीन कानून प्रभाव में था। हालांकि पुराने मामले उन्हीं कानूनों के तहत चलते रहेंगे पर नए मामलों की पड़ताल और सुनवाई नए कानूनों के तहत होगी। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में नए कानून के तहत पहला मामला दर्ज भी हो गया। वैसे एक जुलाई से इस बार छत्तीसगढ़ में महाविद्यालयीन शिक्षण सत्र को भी शुरू हो जाना था। पर पाठ्यक्रम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रथम वर्ष की कक्षाओं में सेमेस्टर पद्धति लागू होने के बाद नए विषय क्या होंगे, यह अभी तय नहीं हो पाया है। इसलिए महाविद्यालयों में तो पढ़ाई लिखाई शुरू नहीं हो पाई पर पुलिस और वकील से लेकर पूरा न्यायिक अमला होमवर्क करने में जुट गया है। नए कानूनों के बनने के बाद अब धाराओं के नाम और क्रम बदल गए हैं। हत्या के लिए पहले धारा 302 लगती थी पर अब धारा 101 के तहत यह अपराध पंजीबद्ध होगा। हत्या के प्रयास के मामले भी अब 307 की बजाय 109 के तहत दर्ज किये जायेंगे। गैर इरादतम हत्या के मामले भी अब धारा 304 की बजाय 105 के तहत दर्ज होंगे। लिहाजा पुलिस, वकील और स्वयं कोर्ट के लिए आने वाले कई साल अभी कठिन होने वाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक देश की सर्वोच्च अदालत के पास 60 हजार मामले लंबित हैं जबकि उच्च न्यायालयों के पास 42 लाख से ज्यादा मामले लंबित हैं। वैसे ये आंकड़े भी कुछ पुराने हैं। वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। जाहिर है कि ये मामले रातों रात खत्म नहीं होने वाले। इनमें से कुछ को चलते सालों-साल बीत चुके हैं और कुछ में अभी सालों-साल लगने हैं। जब तक ये सार मामले खत्म नहीं हो जाते, एक जैसे दो मामलों की विवेचना और सुनवाई दो अलग-अलग कानूनों के तहत होती रहेगी। इस छोटी की दुविधा को छोड़ दें तो एक जुलाई का दिन इतिहास में दर्ज हो गया। लंबी बहस और विचार विमर्श के बाद बने इन कानूनों की कुछ खासियतें भी हैं। सबसे बड़ा अंतर तो यह है कि पहले जहां पूरा फोकस अपराधी को दंड देने पर था अब वह पीड़ित को न्याय देने पर होगा। इसलिए भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता कहा जाएगा। न्याय प्रक्रिया को सरल और तीव्र करने की कोशिशें नए कानून में की गई हैं। इससे अदालतों में बढ़ते पेंडिंग मामलों को भी कम किया जा सकेगा। कहा जाता है कि विलंब से मिला न्याय न्याय नहीं रह जाता। न्याय त्वरित होगा तो राहत मिलेगी, अदालतों पर भरोसा बढ़ेगा। यह अकेली उपलब्धि कोई कम नहीं है कि आजादी के 77 साल बाद ही सही पर भारत ने औपनिवेशिक कानूनों से खुद को मुक्त कर लिया है।




## संपादकीय

# न्याय की ओर

तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का लागू होना सुखद व स्वागतयोग्य है। इसके साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव का दौर शुरू हो गया है। औपनिवेशिक युग के निर्मम या आम नागरिक विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी और अंततः अब पुलिस को अनुशासित के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस को अब सबसे पहले यह ध्यान में रखना होगा कि कोई भी कानून अगर लागू हो, तो सभी पर समान रूप से लागू हो। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आए। जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी।

> “पुलिस बल मात्र सत्ताधीशों का नहीं, बल्कि समग्र समाज का बल है। पुलिस ही प्राथमिक रूप से संविधान और नियम-कायदों की बुनियाद मजबूत करती है। आज पुलिस को निरंतर प्रशिक्षित करने की जरूरत है और उनका प्रशिक्षण महज कागजी नहीं रहना चाहिए। प्रशिक्षण अगर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, तो यकीन मानिए, तीनों नए कानूनों में देश को न्याय की ओर ले जाने की क्षमता है।

ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि उनका इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पड़ता था। हम बार-बार कह रहे हैं कि इन तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, तो जमीन पर वास्तव में लोगों को यह एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है। जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सम्मन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान ज्यादा कारगरता के साथ लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने अपना काम कर दिया है और अब राज्यों को अपने स्तर पर इन अच्छे कानूनों को लागू करने की पूरी तैयारी करनी पड़ेगी और देश के ज्यादातर राज्यों में पुलिस जिस तरह से प्रशिक्षित हो रही है, इससे जुड़ी खबरों का सामने आना भी सुखद है।

यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा। पुलिस कानून-कायदे के तहत काम करने को विवश या बाध्य होगी। इसके साथ ही, समग्र न्याय प्रणाली में इस स्याह पहलू को बहुत गंभीरता से देखने की जरूरत है कि ये अच्छे कानून कहीं भ्रष्ट आचरण से दुष्प्रभावित न हो जाएं। कानून बन जाना ही पर्याप्त नहीं है, यह देखना भी जरूरी है कि कानून को लागू करने और कराने वाले कितने ईमानदार हैं। राज्य सरकारों को प्रशिक्षण के स्तर पर यह सुनिश्चित करना होगा कि पुलिस सैद्धांतिक रूप से ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक रूप से कुशल और शालीन हो। पुलिस बल मात्र सत्ताधीशों का नहीं, बल्कि समग्र समाज का बल है। पुलिस ही प्राथमिक रूप से संविधान और नियम-कायदों की बुनियाद मजबूत करती है। आज पुलिस को निरंतर प्रशिक्षित करने की जरूरत है और उनका प्रशिक्षण महज कागजी नहीं रहना चाहिए। प्रशिक्षण अगर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, तो यकीन मानिए, तीनों नए कानूनों में देश को न्याय की ओर ले जाने की क्षमता है।

नजरिया

# फैसले बदलने और बदले की सियासत

**टीडीपी ने अब तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। इस असहज स्थिति का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस अब जद (यू) व टीडीपी, दोनों से विधानसभाओं में विशेष राज्य संबंधी प्रस्ताव पारित कराने की मांग कर रही है, जिनका वायदा दोनों ने चुनाव में किया था। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह कहानी आगे क्या रूप लेती है।**

एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार



दक्षिण के राज्यों में बदले की राजनीति कोई नई परंपरा नहीं है। तमिलनाडु के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों जे जयललिता और एम करुणानिधि के बीच की तनातनी ऐतिहासिक है। कभी सिनेमा में एक-दूसरे के सहयोगी रहे ये दोनों नेतागण राजनीति में इस कदर विरोधी बन गए कि एक-दूसरे से नफरत करने लगे। यह दुखद परंपरा अब तेलुगु राजनीति में भी फैल गई है, जहां दो पेशेवर राजनेता जगन मोहन रेड्डी और चंद्रबाबू नायडू एक-दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं।

जुलाई, 2001 में जब मुख्यमंत्री जयललिता ने करुणानिधि को गिरफ्तार करने का आदेश दिया, तब सभी लोग हैरान रह गए थे। उनको बिल्कुल आधी रात को बिस्तर से उठाया गया था। उस समय करुणानिधि 78 साल के थे और उन्हें बेहद अभद्र तरीके से पुलिस वैन में ठूंसा गया था। जयललिता ने डीएमके प्रमुख से बदला लेने का एलान सार्वजनिक रूप से किया था। उन्होंने अपने चुनावी भाषणों में समर्थकों से वायदा किया था कि जैसे ही वह मुख्यमंत्री बनेंगी, सबसे पहले करुणानिधि का हिसाब चुकता करेंगी। जयललिता दरअसल इसलिए नाराज थीं, क्योंकि करुणानिधि के राज में उनके साथ बुरा सुलूक किया गया था। उन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में डाल दिया गया था और कथित तौर पर तिलचट्टों से भरी कोठरी में बंद कर दिया गया था। जयललिता ने कहा था कि वह करुणानिधि को भी उसी कालकोठरी में भेजेंगी और उसी थाली में खाना खिलाएंगी, जिसमें उनको भोजन परोसा गया था।

पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में पांच साल तक सत्ता से दूर रहने के बाद पिछले दिनों जब चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री बने, तो उनका पहला काम था, वाईएसआर कांग्रेस के कार्यालय और जगन मोहन के घर के एक हिस्से को ध्वस्त कराना। चंद्रबाबू नायडू दरअसल राज्य विधानसभा में वाईएसआर कांग्रेस नेताओं द्वारा उनके खिलाफ की गई कथित असंसदीय टिप्पणियों का बदला रहे थे। चुनाव से ठीक पहले नायडू को कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और फिर रिहा कर दिया गया। चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए नायडू की आंखों में आंसू आ जाते थे। उन्होंने शपथ ली थी कि अब मुख्यमंत्री के रूप में ही सदन में लौटेंगे। चुनाव नतीजों के बाद आंध्र प्रदेश की सड़कों पर टीडीपी और वाईएसआर के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें भी हुईं। बेशक, चुनावी हार-जीत के बाद राजनेताओं पर अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफहिंसा भड़काने का आरोप नया नहीं है, बंगाल में ममता बनर्जी पर भी ऐसे ही आरोप लगते हैं, मगर आंध्र प्रदेश में सियासी लड़ाई चूंकि निजी दुश्मनी में बदल गई, इसलिए मामला जटिल हो गया। हालांकि, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में राजनेता भले ही अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति निजी खुन्नस पालते हैं, पर केरल में वैचारिक लड़ाई होती है।

चंद्रबाबू नायडू और जगन मोहन के बीच तनातनी तब अधिक बढ़ गई थी, जब नवगठित राज्य के लिए राजधानी का चयन हुआ। विभाजन के बाद 2014 में शपथ लेने वाले नायडू ने अमरावती को प्राथमिकता दी थी, जिसका नाम इस क्षेत्र के अमरेश्वर स्वामी मंदिर के नाम पर रखा गया था। नायडू ने एक ऐसी राजधानी बनाने का वायदा किया था, जो सिंगापुर की तरह होगी और भारत की सबसे अच्छी होगी। उन्होंने 2029 तक राज्य को एक आर्थिक शक्ति बनाने का भी वायदा किया था। उनकी योजना के तहत कम से कम 33,000 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने में उपयोग किया जाना था, जो शिक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, वाणिज्य और उद्योग का केंद्र होती।

इस प्रस्तावित राजधानी के निर्माण में तब नायडू ने 50,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया था। मगर उन्हें केंद्र से सिर्फ2,500 करोड़ रुपये मिले और राज्य के खजाने से भी वह आधी राशि ही जुटा सके। नतीजतन, इस मुद्दे पर भाजपा के साथ उनके मतभेद बढ़ने लगे और 2019 में उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ लिया। नायडू के बाद 2019 में जब सत्ता जगन के हाथों में आई, तो उन्होंने अमरावती को छोड़ने व तेलंगाना-आंध्र प्रदेश के पुनर्गठन पर शिवारामकृष्णन समिति की सिफारिशों पर आगे बढ़ने का फैसला किया। समिति ने किसी चमक-दमक वाली राजधानी-निर्माण में सभी पैसे लगाने के बजाय इसे अलग-अलग मदों में बांटकर सूबे के प्रमुख शहरों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का सुझाव दिया था।

चूंकि चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने 90 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया था और किसानों व उद्योगों को भारी लाभ देने का वायदा किया था, इसलिए वह मुश्किल में पड़ गए। अमरावती के किसान, जो कृष्णा नदी की अत्यंत उपजाऊ जमीन पर खेती किया करते थे, उस समय हक्का-बक्का रह गए, जब नायडू के प्रस्तावों को जगन किनारे करने लगे और एक शाही राजधानी बनाने के बजाय चार शहरों में संसाधन बांटने का फैसला किया। लिहाजा, दोनों नेताओं के बीच कटुता बढ़ती चली गई, क्योंकि यह मुद्दा चंद्रबाबू नायडू के लिए नाक का सवाल बन गया था। यही कारण है कि अब जब नायडू सत्ता में लौट आए हैं, तो अमरावती के किसान खुश हो गए। चूंकि इस शहर को राजधानी बनाने का वायदा है, इसलिए यहां की जमीनों के दाम भी दोगुने हो गए हैं।

पांच साल बाद भाजपा और टीडीपी एक साथ आए हैं। टीडीपी को नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में जगह मिली है, तो नायडू ने भी अपने राज्य मंत्रिमंडल में भाजपा को शामिल किया है। इन दोनों पार्टियों की यह दोस्ती कितनी दूर तक साथ जाएगी, यह आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने और नई राजधानी के लिए धन मुहैया कराने के सवालों पर टिका है। केंद्र अब तक इस मामले में चुप है, हालांकि कुछ समय पहले वित्त मंत्रालय ने राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने से इनकार करते हुए कहा था कि वह पहले ही केंद्र और राज्य के करों से प्राप्त धन का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा राज्यों में बांट रहा है, इसीलिए अतिरिक्त मांगों पर विचार नहीं किया जा सकता।

इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पार्टी-सम्मेलन में फैसला किया है कि सूबे को विशेष राज्य का दर्जा देने का निर्णय वह केंद्र पर छोड़ रहे हैं। टीडीपी ने अब तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। इस असहज स्थिति का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस अब जद (यू) व टीडीपी, दोनों से विधानसभाओं में विशेष राज्य संबंधी प्रस्ताव पारित कराने की मांग कर रही है, जिनका वायदा दोनों ने चुनाव में किया था। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह कहानी आगे क्या रूप लेती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सरकारी मीडिया से जुड़े मिथ तोड़ता आकाशवाणी समाचार

उमेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार



जिस देश में 388 से ज्यादा समाचार चैनल हों, जहां पर सैकड़ों निजी-सार्वजनिक रेडियो स्टेशन काम कर रहे हों, वहां दर्शकों और श्रोताओं की नजर में आकाशवाणी समाचार की सबसे मजबूत साख कोई मामूली बात नहीं है। सभी जानते हैं कि आकाशवाणी सार्वजनिक प्रसारक है। टेलीविजन चैनलों और रेडियो स्टेशनों की भीड़ में सार्वजनिक प्रसारक को सामान्य तौर पर 'सत्ता का भोंपू' ही माना जाता है। कम से कम उसके लिए यही 'नैरेटिव' गढ़ा गया है कि वह सत्ता के सुर में अपने सुर मिलाता रहता है, फिर सत्ता चाहे जिस राजनीतिक दल या गठबंधन की हो। ऐसे में, सार्वजनिक प्रसारक का एक हिस्सा होने के नाते आकाशवाणी समाचार की साख श्रोताओं की नजर में ऊंची होनी ही नहीं चाहिए थी। मगर सच्चाई ठीक उलट है।

दिलचस्प बात यह है कि यह निष्कर्ष किसी देसी संस्था या विश्वविद्यालय के अध्ययन का नहीं है। दुनिया भर में श्रेष्ठ अकादमिक अध्ययन के लिए प्रतिष्ठित ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रायटर्स इंस्टीट्यूट की सालाना 'डिजिटल न्यूज रिपोर्ट 2024' के अनुसार, भारतीय लोगों की नजर में सबसे विश्वसनीय समाचार देने वाला सार्वजनिक संस्थान आकाशवाणी समाचार है।

गौरतलब है, साल 2024 चुनावी वर्ष रहा। चुनावी वर्ष में तटस्थ और तथ्यपरक समाचारों की महत्ता बढ़ जाती है। सार्वजनिक प्रसारक को लेकर जो ठोस अवधारणा है, उसके मुताबिक चुनावी साल में इसे सत्ता का साथ देना चाहिए था, लेकिन आकाशवाणी समाचार ने ऐसा किया होता, तो रायटर्स जैसी संस्था के सर्वे में वह पहले नंबर पर शायद ही आ पाता। रायटर्स इंस्टीट्यूट के सर्वे और अध्ययन में शामिल 65 प्रतिशत लोगों ने भारत में सबसे पुराने प्रसारक आकाशवाणी समाचार पर गहरा भरोसा जताया है। 20 प्रतिशत लोग ऐसे थे, जिन्हें इस पर भरोसा नहीं है। इस रिपोर्ट में दूसरे नंबर पर बीबीसी की हिंदी सेवा रही है। उसे भी 65 प्रतिशत लोग विश्वसनीय मानते हैं। मगर उस पर भरोसा न करने वाले 22 प्रतिशत लोग हैं। इसी संख्या के चलते बीबीसी आकाशवाणी से पिछड़ गया।

इसके बाद डीडी न्यूज, एनडीटीवी, इंडिया टुडे, सीएनएन जैसे प्रसारक ब्रांड को लोगों ने भरोसेमंद माना है। यह दिलचस्प है कि साख की बुनियाद पर शीर्ष की कतार में तीन पर सार्वजनिक प्रसारक संस्थान हैं। यह भी रोचक बात है कि भारत में सार्वजनिक प्रसारक को स्वायत्तता देने के विमर्श का आधार बीबीसी ही बना था। यह बात और है कि ऐसा हो नहीं पाया। बीबीसी प्रसारण का दायित्व पेशेवरों पर है, तो प्रसार भारती में अधिकारियों और पेशेवर लोगों की मिली-जुली व्यवस्था है। दोनों ही प्रसारक अपनी-अपनी संसद के प्रति उत्तरदायी हैं। सार्वजनिक प्रसारक का लक्ष्य सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना होता है, जबकि निजी प्रकाशक के लिए ऐसी बाध्यता नहीं होती। सार्वजनिक प्रसारक को बाजार का ध्यान नहीं रखना होता, क्योंकि वह कमाई के लिए उस पर निर्भर नहीं होता, इसलिए निजी प्रसारकों की तुलना में उस पर बाजार का दबाव नहीं होता।

संचार क्रांति के पहले तक चूंकि सूचनाओं के साधन सीमित थे, लिहाजा प्रसारण केंद्र जो भी कहते, दिखाते या सुनाते, उन पर दर्शक और श्रोता आंख मूंदकर भरोसा कर लेते थे। लेकिन आज के दर्शक और श्रोता काफी ज्यादा जागरूक हैं। वे अपार सूचनाओं और जानकारियों से लैस हैं, इसलिए वे प्रसारण संस्थाओं द्वारा प्रसारित सूचनाओं का अपने तईं विश्लेषण करते हैं और उसके बारे में अपनी राय बनाते हैं।

बुनियादी सामाजिक मूल्यों, लोक-मान्यताओं और सत्य के साथ खड़े रहना आसान बात नहीं होती। इसलिए सार्वजनिक प्रसारक होने के नाते आकाशवाणी समाचार के लिए बरसों पहले जो दिशा-निर्देश तैयार किए गए थे, उन पर अब भी कड़ाई से पालन होता है। एक दौर में आकाशवाणी समाचार को शब्दों की दुनिया का ब्रह्मलेख माना जाता था। चैनलों व रेडियो स्टेशनों की भीड़ में किंचित वैसी स्थिति नहीं रही, पर श्रोताओं के भरोसे पर वह अब भी मजबूती से खड़ा है। रायटर्स डिजिटल रिपोर्ट यही संकेत करती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था।

भारत में नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आई थीं। इसके बाद जुलाई महीने में चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मधुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए तकरीबन 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित और रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई-वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई-वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकॉनमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देशों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की 'मैत्री उपग्रह' भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे। हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी।

# बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त



राजधानी दिल्ली में बारिश ने 88 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए जन-जीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

अगले सात दिन तेज वर्षा की संभावनाएं जताई जा रही हैं। भारी बारिश के कारण न्यूनतम तापमान में भी काफी गिरावट आई है। मगर कई इलाकों में जल-भराव के चलते दिल्ली के सारे विकास की हालत पस्त हो गई है।

मानसून आगमन के कारण हुई तीन घंटों तक मूसलाधार बरसात के कारण दिल्ली हवाई अड्डे में छत का एक हिस्सा गिरने से एक वाहन चालक की मौत हो गई। साथ ही, अन्य संबंधित घटनाओं में भी सात अन्य लोगों की अलग-अलग मौत हो गई। पुलिस अभी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के इंतजार में है।

भीषण गर्मी के मार झेल रहे दिल्ली वाले मानसून के बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मगर सामान्य से दो दिन पूर्व हुई इस जबरदस्त बरसात ने रहवासियों को बुरी तरह भयभीत कर दिया है। मोहल्ले और बस्तियां ही पानी में नहीं डूबी हैं, बल्कि कई अति व्यस्त अंडरपास भी बरसात के पानी से लबालब भर गए।

समूची दिल्ली ट्रैफिक जाम के चलते थम सी गई। यह कोई पहली बार नहीं है, जब दिल्लीवासियों को जल भराव जैसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। हर साल राज्य सरकार का तंत्र घोर लापरवाही करता रहता है और अंत में केंद्र सरकार पर सारा ठीकरा फोड़कर अपने ढें पर चल पड़ता है।

दिल्ली ही नहीं, प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश भर में जनता को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सैकड़ों मौते होती हैं, और जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। सिर्फ चमचमाती सड़कों, फ्लाईओवरों और दमकती रोशनी को विकास का पर्याय नहीं माना जा सकता।

बल्कि पानी की उचित निकासी और बरसाती पानी के भंडारण की सटीक व्यवस्था की जरूरत ज्यादा है। दरअसल, यह दिल्ली की ही समस्या नहीं है, बल्कि देश के तमाम बड़े शहरों और महानगरों में बारिश होते ही सवाल उठते लगते हैं कि हमारे विकास में क्या खामियां हैं, जो एक ही बारिश में शहर पानी-पानी हो जाते हैं।

बरसात में लोगों की परेशानी पर किसी को तो जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। केंद्र की भी जिम्मेदारी है कि मौसम की मार से जनता को बचाने की पूर्व तैयारियों पर जोर दे। राज्य सरकारों को भी सख्ती से मुस्तैद रहने की नसीहतें दी जाएं।

## सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख

भारत के संसदीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की परंपरा वर्षों पुरानी है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद, पहले सत्र में सदस्यों के शपथ ग्रहण करने और सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है। यह अभिभाषण सरकार का नीति वक्तव्य होता है। इसमें सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख रहता है, इसलिए सरकार के द्वारा ही इसके मसौदे को तैयार किया जाता है। परंपरा तो यह रही है कि इस सबसे गरिमापूर्ण औपचारिक कार्यवाही के दौरान विपक्ष शांतिपूर्ण ढंग से इसे सुनता है। अभिभाषण के बाद जब सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो विपक्षी सांसदों को अपनी आपत्तियों और असहमतियों को दर्ज कराने का अवसर मिलता है लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ वर्षों से राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों के सांसद सदन में शोरगुल करते हैं और हंगामा बरपाते हैं।

अठारहवीं लोक सभा में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्र किया तो विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति को निवेदन करना पड़ा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से उनके अभिभाषण को सुनें। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस समय के सबसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दे के रूप में पेपर लीक की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया है और इसे रोकने के लिए कड़े उपाय कर रही है।

जाहिर है कि पेपर लीक का मामला सीधे-सीधे देश के छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। निश्चित रूप से सरकार को ऐसे सख्त कदम उठाने चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राष्ट्रपति ने युवाओं की बात को आगे बढ़ाते हुए जब यह कहना शुरू किया कि सरकार की कोशिश है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिले तो उनके इतना भर कहने पर विपक्ष के सदस्यों ने सदन के अंदर हंगामा करना शुरू कर दिया।

उन्होंने पच्चीस जून, 1975 को देश की जनता पर आपातकाल थोपे जाने की घटना को संविधान और लोकतंत्र पर बड़ा हमला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय हासिल की क्योंकि भारत के मूल्यों में गणतंत्र की ही परंपराएं हैं।

## खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब

श्रुति व्यास

दुनिया बदल रही है, पलट रही है और युद्धों में उलझ रही है। वही वह प्रजातंत्र और उसकी भाषा से दूर खिसक रही है। नतीजतन %राईट% (दक्षिणपंथ) को 'राईट' (सही) साबित करने पर आमादा है। पुराने दोस्त, दोस्ती का लबादा ओढ़े जहां दुश्मनी निभा रहे हैं तो पुराने दुश्मनों में गलबहियां हो रही हैं। दुनिया के लिए, हम सबके लिए, खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। उनकी सोच और इरादे एक से हैं इसलिए वे दोस्त बन नए गठबंधन बना रहे हैं।

बुधवार की सुबह आप सब अपने मोबाइल की स्क्रीन पर देख सकेंगे कि एक से डीलडौल वाले उन दो उम्रदराज लोगों को, जो सोच और मिजाज़ में एक से हैं। तब उनके चेहरे और उनकी आँखें चमक रही होंगी। वे या तो एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिला रहे होंगे या गले मिल रहे होंगे। उनके नख से शिख तक दुष्टता टपक रही होगी। पश्चिम और सारी दुनिया के लिए उनका एक ही सन्देश होगा, 'हम से बच कर रहो'।

कल व्लादिमीर पुतिन अपने अज़ीज़ दोस्त, अपने प्यारे भाई की धरती प्योंगयांग पर होंगे। पुतिन पिछले 24 सालों में पहली बार उत्तर कोरिया जा रहे हैं। जाहिर है कि रूसी तानाशाह के शानदार स्वागत करने में उत्तर कोरिया का तानाशाह कोई कोरकसर बाकी नहीं रखेंगा। किम योंग यह नहीं भूले होंगे कि रूस की उनकी दो पिछले यात्राओं के दौरान पुतिन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया था।





रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Industrial Training Institute
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना

Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मौसमी फल जामुन के व्यवसाय से महिलाओं को मिल रहा है आर्थिक स्वावलंबन

**रायपुर।** गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिला अपने प्राकृतिक सौंदर्य और लघु वनोपजों के लिए मशहूर है। यहां के जंगलों में मौसमी फल जामुन, सीताफल , कटहल, मुनगा आदि भी बहुतायत रूप में उपलब्ध होते हैं। जामुन के फल से जिले की महिलाओं को काफी लाभ हो रहा है और वो इसके व्यवसाय से आत्मनिर्भर हो रही हैं और आर्थिक रूप से स्वावलंबन की दिशा में बढ़ रहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष जानकी ओट्टी पेण्ड्रा जनपद पंचायत के एक छोटे से गांव पंडरीखार में रहती हैं। वर्ष 2016-17 में समूह से जुड़कर शैलपुत्री नाम का समूह गठन किया। उन्होंने समूह में अपनी सक्रियता दिखाते हुये आंगनबाडी में रेडी टू ईट का काम करने लगी इससे उनको महीने में 10 से 12 हजार रुपये की मासिक आय होने लगी। जिले में बारिश के मौसम में जामुन बहुत अधिक होता है। समूह की महिलाओं ने मिलकर जामुन इक्ट्ठा कर जिले से बाहर बिक्रय करने की ठानी। उन्हें एक कैरेट जामुन में 600 रुपये तक मिल जाता है। वे प्रतिदिन विभिन्न समूहों की महिलाओं से 30 से 40 कैरेट एकत्रित कर बाहर भेजती हैं। इस तरह से जामुन के मौसम में एक ही सीजन में समूह की महिलाएं 40 से 50 हजार रुपये तक कमा लेती हैं ।

### डाकघरों में भी करा सकते हैं आधार अपडेशन

**कोरबा।** भारतीय डाक विभाग एवं यूआईडीएआई के सहयोग से अब डाकघरों के माध्यम से आधार पंजीयन, अद्यतनीकरण कार्य संभाग के चुनिंदा डाकघरों में किया जा रहा है। जिसमें जिला मुख्यालयों में स्थित प्रधान डाकघर, मुख्य डाकघरों सहित बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, चांपा-पेंड्रा, पेंड्रा रोड, करगी रोड, मुंगेली, लोरमी, कोनी, बिलासपुर रेलवे स्टेशन, बिल्हा, सक्ती, चंद्रपुर, जमनीपाली, बालको नगर, बांकीमोंगरा, मालखरोदा, कोरबा कॉलरी में यह सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते है और पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार/अपडेशन जैसे पता, मोबाइल, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि कार्य करवा सकते है। बच्चों का 5 व 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है। अपने बच्चो का भी निःशुल्क बरयोमेट्रिक अपडेशन करा सकते है। अधीक्षक डाकघर समस्त नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्वयं का और अपने बच्चों का आधार अपडेशन एनरोलमेंट का कार्य डाकघरों से कराने का आग्रह किया है।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मीना जैन ने जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन की भेंट

**धमतरी।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में धमतरी शहर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मीना एस. जैन ने आज जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन भेंट की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने डॉ. जैन की सराहनीय कार्य का सम्मान करते हुए उन्हें आभार प्रमाण पत्र प्रदाय किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के प्रबुद्धजनों के ही कारण सामाजिक कार्यों को बढ़ावा मिल रहा है। आपके द्वारा किए गए इस प्रयास से जिलेवासियों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या हो सकेगी। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.उत्तम कौशिक, डीपीएम डॉ.प्रिया कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पढ़ाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें: विष्णु देव साय

- शिक्षकों और स्कूलों के युक्ति-युक्तकरण के लिए तैयार करें प्रस्ताव
- स्कूलों में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत बच्चों से लगवाएं पेड़
- शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए नीति होगी तैयार
- स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों की होगी जांच
- स्कूलों के अधूरे निर्माण कार्य कराएं पूर्ण
- ड्राप आउट रोकने मेंटॉर होंगे नियुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि शिक्षा उन्नति का मूल मंत्र है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। यह सुनिश्चित करें कि स्कूलों में अनुशासन बना रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैदानी स्तर पर जाकर स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर भी हर माह दो से तीन स्कूलों का दौरा कर वहां निरीक्षण करें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन और पारदर्शी प्रशासन हमारा लक्ष्य है। राज्य सरकार का यह प्रयास होगा कि बच्चों को स्कूल का बेहतर भवन मिले और वहां पढ़ाई-लिखाई की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर स्कूल भवनों की सुदृढ़ता की स्वंय मानिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए प्रारंभ की गई स्कूल जतन योजना के तहत जीर्णोद्धार कार्यों की जांच की जाए तथा स्कूल जतन योजना में आबंटित राशि का उपयोग कर कार्यों को पूरा किया जाए। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षकों और शालाओं के युक्ति-युक्तकरण के लिए प्रस्ताव अगले कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे शालाओं में शिक्षकों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत और डॉ. बसवराजू एस., स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में ''एक पेड़ मां के नाम'' लगाने का आव्हान किया है। बारिश के मौसम में ऐसे स्कूल जहां चार दीवारी हो, वहां बच्चों से पेड़ लगवाए जाएं। बच्चे ही पेड़ों की देखभाल करें। नीम, गुलमोहर, करंज आदि प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षकों को रोटेशन के आधार पर प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण नीति तैयार की जाए, ताकि सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों से बच्चों के पालकों को भी जोड़ा जाए। छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष पहली बार 6 अगस्त को प्रदेशव्यापी मेगा-पीटीएम आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में आरटीई के तहत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के ड्राप आउट पर अंकुश लगाने के लिए जिलेवार अधिकारियों को मेंटॉर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा सचिव ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखा है। मेंटॉर के रूप में नियुक्त अधिकारी आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करेंगे। बच्चों को यदि कोई समस्या आती है तो उनके पालकों, शाला प्रबंधन और प्रशासन से मिलकर उसका समाधान करेंगे और पढ़ाई जारी रखने के लिए बच्चों और उनके पालकों को प्रोत्साहित करेंगे।

बैठक में जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में छात्र-शिक्षक अनुपात राष्ट्रीय स्तर से बेहतर है। राष्ट्रीय स्तर पर 26 बच्चों पर एक शिक्षक है, जबकि छत्तीसगढ़ में छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है।

बालवाड़ी के संबंध में जानकारी दी गई कि 5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रदेश में 9,438 बालवाड़ियां संचालित है। इस वर्ष 1132 बालवाड़ी प्रारंभ की जानी है।

### व्यावसायिक शिक्षा: बच्चों की स्किलिंग उद्योगों की जरूरत के मुताबिक हो

मुख्यमंत्री ने स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम को बेहतर गुणवत्ता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्योगों की जरूरत के मुताबिक बच्चों की स्किलिंग इस पाठ्यक्रम के माध्यम से हो, ताकि बारहवीं पास करने के बाद उन्हें वर्तमान और नए लगने वाले उद्योगों में आसानी से रोजगार के अवसर मिल सके। बच्चों को इसकी फिल्ड ट्रेनिंग भी दी जाए। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत कक्षा 6 से व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

# देश की न्याय प्रणाली के लिए ऐतिहासिक दिन : अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्य मंत्री अरुण साव ने कहा कि आज देश की न्याय प्रणाली के लिए ऐतिहासिक दिन है। पुराने कानून को समाप्त करके नया कानून लागू किया गया है। जब कोई कानून बनाया जाता है, तो उसमें कानून बनाने वाले की सोच क्या है, उद्देश्य क्या है, ये बड़ा महत्व रखता है।




कोई पीड़ित दंड नहीं, न्याय चाहता है। आज से प्रभावी हो रहे तीनों नए कानूनों को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। इनके जरिए नागरिकों को पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर न्याय मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली जिला मुख्यालय के थाना सिटी कोतवाली में नए कानूनों के लागू होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नए स्वरूप में आज अस्तित्व में आने पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने इन कानूनों को बनाने की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में मुंगेली के विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि नए कानून के अनुसार अब लोग घर बैठे ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इसमें कई नए प्रावधान शामिल किए गए हैं जिससे लोगों को अब त्वरित न्याय मिल सकेगा। उन्होंने इन नए कानूनों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। मोहले ने पुलिस विभाग को समाज को न्याय दिलाने में ज्यादा से ज्यादा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुंगेली के कलेक्टर राहुल देव और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नए कानूनों की उपयोगिता और उनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वनमंडलाधिकारी संजय यादव, मुंगेली नगर पालिका के अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, मुंगेली जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और अधिवक्ता संघ मुंगेली के अध्यक्ष टीकम चंद्राकर सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण पर गए कृषि महाविद्यालय के छात्र

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं कृषि संबंधी तकनीकी व नवाचार की जानकारी हेतु अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए 30 जून से 6 जुलाई तक कृषि एवं कृषि से संबंधित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबंध राष्ट्रीय संस्थाओं के भ्रमण में रहेंगे। जहां पर छात्र-छात्राएं उन संस्थानों में क्या-क्या नवाचार हो रहे हैं से रूबरू होंगे साथ ही वहां के वैज्ञानिकों से चर्चा एवं मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

इस दौरान वे हैदराबाद राजेंद्र नगर स्थित आठ संस्थाओं में जाएंगे, जिसमें प्रमुख रूप से नार्म, मैनेज, क्रीडा, भारतीय मिले रिसर्च संस्थान, तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय, भारतीय तेल अनुसंधान, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान एवं आदि संस्थानों में भ्रमण करेंगे। तत्पश्चात विशाखापत्तनम आंध्रप्रदेश जाकर एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर एवं केंद्रीय मत्स्य संस्थान जायेंगे। यह मुख्य रूप से छात्रों के शैक्षणिक कार्यक्रम का एक हिस्सा है साथ ही आने वाले भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के डॉ. एस.एस. पोर्ते के द्वारा दिखाई गई।

# विदेशों में भी हो रही है बस्तर के कोसा कपड़ों की प्रसिद्धि : मंत्री रामविचार नेताम

## विदेशों में भी हो रही है बस्तर के कोसा कपड़ों की प्रसिद्धि, आदिम जाति विकास मंत्री ने नवा रायपुर में किया कोसा केन्द्र रिटेल शोरूम का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बस्तर के कोसा कपड़ो की प्रसिद्धि अब भारत देश के साथ-साथ विदेशों में भी हो रही है। अपनी विशिष्ट खूबियों के लिए प्रसिद्ध बस्तर के कोसा कपड़ों का रायपुर शोरूम प्रारंभ होने से अब यहां भी आसानी से कोसा कपड़ा प्राप्त हो सकेगा।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मंत्री नेताम नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन में कोसा केन्द्र के रिटेल शोरूम के शुभारंभ अवसर पर उक्त बातें कही। मंत्री नेताम ने कहा कि बस्तर रैली कोसा अपनी विशिष्ट खूबियों के लिए भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर भी अनूठी पहचान बनाए हुए हैं। इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। बस्तर की विशिष्ट जैव भौगोलिक विविधता का इसमें विशेष योगदान है। उन्होंने कोसा कपड़ा निर्माण कार्यों में लगे कृषकों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं शासकीय एजेंसियों विशेषकर छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के योगदान की सराहना की। आदिम जाति विकास के सचिव नरेन्द्र दुग्गा ने कहा कि, कोसा केन्द्र को बढ़ावा देने का मुख्य उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को कोसा बुनाई, धागा निर्माण, रंगाई, छपाई आदि कार्य में प्रशिक्षित कर उन्हें केन्द्र में ही नियोजित करना है। इसके अंतर्गत धागा निर्माण, कोसा फल क्रय, रीलिंग मशीन बुकिंग चौम्बर, हथकरघा क्रय, बुनाई प्रशिक्षण, ताना मशीन क्रय, रंगाई छपाई हेतु प्रशिक्षण व कच्चा माल क्रय, शोरूम का नवीनीकरण, अधोसंरचानात्मक कार्य करना शामिल है।

इस रिटेल शोरूम के माध्यम से बस्तर आर्ट का विस्तार होगा एवं इसे एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध संचालक पी.एस. एल्मा, विकास निगम के सचिव गायत्री नेताम सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार से संस्थागत प्रसव को मिल रहा है बढ़ावा

## कटगी में चार और सलोनी में पाँच गुना लक्ष्य से अधिक सालाना प्रसव, सभी प्रसव सामान्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इससे संस्थागत प्रसव को काफी बढ़ावा मिल रहा है। बलौदाबाजार जिले में कसडोल विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी तथा पलारी विकासखंड के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सलोनी संस्थागत प्रसव में जिले भर में अव्वल रहा है।




पिछले अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कटगी ने 120 वार्षिक लक्ष्य की तुलना में 488 प्रसव कराएं हैं वहीं सलोनी में 36 प्रसव सालाना के लक्ष्य की तुलना में एक वर्ष में 178 प्रसव हुए हैं। यह सभी प्रसव सामान्य हैं। संस्थागत प्रसव के नियम अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 10 प्रसव एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 3 प्रसव औसतन प्रतिमाह करना होता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी के लिए संस्थागत प्रसव सरकार की प्राथमिकता है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गर्भ धारण करने से लेकर प्रसव के पश्चात की सभी सेवाएं महिला को दी जाती हैं।

इसमें प्रसव के बाद घर तक छोड़ने हेतु परिवहन की व्यवस्था के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में जननी सुरक्षा योजना के जरिये 14 सौ की राशि दी जाती है,आवश्यक दवाई और जाँच भी फ्री रहती है। डॉ शशि जायसवाल नोडल अधिकारी मातृ स्वास्थ्य के अनुसार संस्थागत प्रसव कई प्रकार के संक्रमण जोखिम से बचाता है। कुशल स्टाफ की देखरेख में हुए प्रसव से जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं।

कसडोल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अजगल्ले ने बताया की कटगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 से 20 किलोमीटर के दायरे के गांव के लोग प्रसव के लिए आते हैं इसके साथ-साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर,जांजगीर, सारंगढ़ -बिलाईगढ़ के लोग भी सुविधा को देखकर इधर आते हैं। कटगी तो राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर चुका है। पलारी बीएमओ डॉ बी एस ध्रुव के अनुसार सलोनी केंद्र में 5 ग्राम हैं जबकि प्रसव के लिए आस-पास के धाराशिव,कैलाश गढ़ अमेठी से भी लोग आते हैं। कटगी अस्पताल में अपनी पत्नी का प्रसव करवा चुके कलमीडीह के विशाल पैकरा ने प्राप्त सुविधा से प्रसन्नता व्यक्त की। कटगी में ग्रामीण चिकित्सा सहायक रवि सेन,नर्सिंग स्टाफ में सुषमा दुबे,अन्नपूर्णा साहू, केवरा सिन्हा, प्रमिला साहू, हेमलता देवांगन जबकि सलोनी में सी एच ओ प्रियंका वर्मा सहित आर एच ओ निर्मला साहू तथा मनमोहन आर्यन अपनी सेवा दे रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया की जननी सुरक्षा योजना,जननी शिशु सुरक्षा कार्य क्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में ये कुछ ऐसे कार्यक्रम हैं जो गर्भवती, शिशुवती माताओं हेतु चलाये जा रहे हैं। लोगों को शासन की इन योजनाओं का लाभ अवश्य लेना चाहिए।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता देने वाले कानून देशभर में लागू : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- मुख्यमंत्री ने तीन नए आपराधिक कानूनों पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन
- छत्तीसगढ़ पुलिस की इस विशेष पहल से नवीन कानूनों को समझना होगा आसान
- पुलिस अधिकारियों और विवेचकों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ होगी यह पुस्तक
- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से प्रभावशील
- प्रदेश भर के पुलिस थानों में उत्सव की तरह मनाया गया आज का दिन
- अपराधों की विवेचना में भी होगी उपयोगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आज 1 जुलाई 2024 हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज से देश भर में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। ये सभी कानून डेढ़ सौ वर्ष पहले अंग्रेजों द्वारा लागू कानूनों के स्थान पर प्रभावशील होंगे। यह परिवर्तन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्पों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अपने निवास कार्यालय रायपुर में गृह विभाग द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित पुस्तिका के विमोचन के मौके पर यह बातें कही।



मुख्यमंत्री श्री साय ने गृह विभाग के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने जागरूकता और प्रशिक्षण की दृष्टि से बहुत अच्छा प्रयास किया है। ये तीनों कानून सभी नागरिकों को न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं और प्रदेश में इसका बेहतर क्रियान्वयन हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नाम में ही इनके उद्देश्य भी समाहित हैं। इनमें दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता दी गई है। ये कानून भारत सरकार की न्याय और सुरक्षा की गारंटी को पूरा करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पूरे प्रदेश के पुलिस थानों में आज के दिन को उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। इन कानूनों की जानकारी देने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक करने की दिशा में पहल की जा रही है।

विमोचन कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने नए कानूनों के प्रदेश स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

न्याय दिलाने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विवेचना और कार्यवाही पर जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि नए कानूनों के अंतर्गत दो एफआईआर और एक मर्ग दर्ज हो चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव द्वय राहुल भगत, बसव राजू एस. एवं गृह विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि नवीन कानून में मुख्यत: औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, महिला सुरक्षा एवं न्याय, आतंकवाद, संगठित अपराध एवं भारत की सम्प्रभुता, एकता एवं अखण्डता के विरूद्ध अपराध, पीड़ित केन्द्रित कानूनी प्रावधान, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान, न्यायालयीन प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान शामिल किए गए हैं।

भारतीय दंड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है।

## खास खबर

### केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मंत्री राजवाड़े ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में की सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रमों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। मंत्री राजवाड़े ने उन्हें लोकसभा में सांसद के रूप में शपथ लेने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही छत्तीसगढ़ में महिलाओं के और बच्चों के लिए संचालित किए जा रहें कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चर्चा भी की। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना की जानकारी दी।

### खाद्य विभाग का सर्वर तीन दिवस रहेगा बाधित

**रायपुर।** खाद्य विभाग का सर्वर तीन दिवस बाधित रहेगा, किन्तु खाद्यान्न वितरण पोर्टल को छोड़कर विभागीय सर्वर ही बाधित रहेगा। विभागीय आनलाइन कार्रवाई राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित करने की कार्यवाही 01 जुलाई से 03 जुलाई 2024 तक किया जाएगा। विभाग द्वारा एसीडी सर्वर में समय-समय पर ऑनलाईन जानकारी अपडेट की जाती है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में समस्त विभागीय ऑनलाईन कार्यवाही (खाद्यान्न वितरण पोर्टल को छोड़कर) राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। एसडीसी सर्वर में समय-समय पर दर्ज की जा रही समस्याओं के निराकरण हेतु नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी के माध्यम से किया जाता है।


### सहायक ग्रेड-3 पद के लिए प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा 28 को आयोजित किया जाएगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए सहायक ग्रेड 03 पद हेतु प्रथम स्तर के लिखित परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए सरगुजा, बिलासपुर, जगदलपुर, दुर्ग और रायपुर में केन्द्र बनाया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर आवेदक द्वारा सहायक ग्रेड-3 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा किए गए थे। सभी आवेदित अभ्यर्थियों को प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम के वेबसाइट में जाकर पंजीयन कराना आवश्यक होगा। तथा परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा। व्यापम के वेबसाईट पर परीक्षा के लिए पंजीयन व जिला चयन की प्रारंभिक तिथि 2 जुलाई तथा अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित की गई है। नियंत्रक व्यावसायिक परीक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापम पंजीयन नंबर व परीक्षा केन्द्र जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा।

## जिनवाणी की वर्षा करते हुए जैन मुनि पहुंचे पार्श्वनाथ जिनालय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जैन दादाबाड़ी में 15 जुलाई को जैन संत श्री विरागमुनि जी का भव्य प्रवेश होगा। वहीं, मुनिजी का रायपुर प्रवेश हो चुका है और जिनवाणी की वर्षा करते हुए श्रावक-श्राविकाओं को लाभान्वित कर रहे हैं। जिनवाणी की वर्षा के क्रम में सोमवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी के श्रीमुख से चौबे कॉलोनी स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि आज हमें जीवन का कल्याण करना है।



उसके लिए हमें कल्याण मित्र चुना है जो कि एक बहुत ही मुश्किल कार्य है। आज तो कल्याण मित्र उसे माना जाता है जो आपकी हां में हां मिलाए, जो आपका विरोध करता है या जिससे आपका वैचारिक मतभेद होता है वह तो आपका दुश्मन हो जाता है। मित्र मंडल की बात तो बहुत दूर की है आज तो घर में ही पिता अपने बच्चों के कल्याण के लिए उन्हें नहीं कह सकता कहीं भी तो कैसे पिता भी अपने मोबाइल में व्यस्त हैं और बच्चा भी यहां तक तो दादाजी भी मोबाइल में मस्त होते हैं। अब बच्चे को रोके तो रोक कैसे, वह तो वापस पलट कर बोल सकता है कि आप भी तो दिन भर मोबाइल चलाते हो, तो मुझे क्यों मना कर रहे हो। वैसे भी आज आप दुनियाभर में घुम रहे हो, फिर ऐसा क्या बच जाता है जो आपको रात में मोबाइल देखने की आवश्यकता पड़ जाती है।

मुनिजी ने आगे कहा कि आज कल्याण मित्र आपको बहुत कम मिलेंगे। सलाह देने के लिए दुनियाभर के लोग सामने आ जाएंगे और जब आप किसी से सहायता मांगोगे तो उन हजारों में शायद कोई इक्का-दुक्का ही सामने आएगा। कितना अच्छा होगा कि आपको सलाह के बदले सहयोग मिल जाए। अगर आपको ज्यादा दिमाग लगाना पड़ रहा है तो आप केवल जैन समाज के दो रत्नों को समझ लो आपको पूरा जीवन समझ में आ जाएगा, वह है स्यादवाद और अनेकांतवाद।

जैन संत श्री विरागमुनि जी मंगलवार को सुबह 5.30 बजे चौबे कॉलोनी से विहार करते हुए भाठागांव स्थित वॉलफोर्ट सिटी पहुंचेंगे। इसके पश्चात बुधवार की सुबह 8 बजे मुमुक्षु नीलेश महेता को दीक्षा का मुहूर्त गुरूवर द्वारा प्रदान किया जाएगा। अतिथियों के लिए प्रवचन के बाद नवकारसी, सुबह और शाम के भोजन की व्यवस्था क्लब हाउस में रहेगी। चातुर्मास समिति के प्रचार प्रसार संयोजक नीलेश गोलछा और तरुण कोचर ने बताया कि जिनवाणी की वर्षा के क्रम में 02, 03 और 04 जुलाई को वालफोर्ट सिटी में सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री का प्रवचन होगा। आप सभी से निवेदन है जिनवाणी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। जनचौपाल में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनचौपाल में हरदीबाजार के ग्रामीणों ने क्षेत्र में सिटी बस संचालन की मांग की। जनचौपाल में अतिक्रमण हटाने, आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने, बैंक से लोन, सीमांकन कराने तथा छात्रावास में एडमिशन कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने उच्च न्यायालय भवन स्थित एसबीआई शाखा का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा स्टेट बैंक ऑफइंडिया की उच्च न्यायालय भवन में स्थित शाखा का अवलोकन किया गया। उल्लेखनीय है कि 01 जुलाई 1955 स्टेट बैंक ऑफइंडिया की स्थापना हुई थी जिसके उपलक्ष्य में स्टेट बैंक ऑफइंडिया की ओर से डिप्टी जनरल मैनेजर आलोक रंजन द्वारा पुष्प गुच्छ से मुख्य न्यायाधिपति श्री सिन्हा का स्वागत किया गया।




हाल ही में उच्च न्यायालय स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में नवीन साज-सज्जा की गई है तथा शाखा में एक व्ही.आई.पी. लाउंज भी बनाया गया है। बैंक के अधिकारीगणों द्वारा मुख्य न्यायाधिपति को बैंक परिसर तथा व्ही.आई.पी. लाउंज का भ्रमण कराया गया तथा ग्राहकों हेतु इस शाखा में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की।

भ्रमण के दौरान रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार (प्रशासन) अवध किशोर, संयुक्त रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.वी.एल.एन सुब्रहमन्यम, कोर्ट ऑफिसर एफ .के. बिसेन, प्रोटोकॉल अधिकारी आर.एस. नेगी, विजय प्रकाश पाठक, सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर श्री आनंद प्रियदर्शनी, ब्रांच मैनेजर श्रीमती प्रियंका सिंह बेरू व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा कार्य-व्यवस्था में सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत् हैं। पूर्व में भी उनके मार्गदर्शन व दिशा-निर्देश में उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालयों में अधिवक्ताओं, पक्षकारों, अधिकारियों व कर्मचारियों के हितार्थ अनेकों सुविधाओं यथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोस्ट ऑफिस इत्यादि की स्थापना व विस्तार किया गया है।

## शिक्षा हमारे जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है: मंत्री लखन लाल देवांगन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन कोरबा जिले के पाली विकासखंड के ग्राम नोनबिर्रा में शाला प्रवेश उत्सव समारोह में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित बच्चों को देश का बेहतर नागरिक बनने और प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करने का आव्हान किया। श्री देवांगन ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी विद्यार्थी शिक्षा अर्जन कर बेहतर नागरिक बनें। शिक्षा हमारे जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है, जिसका बंटवारा नहीं किया जा सकता। शिक्षा से ही देश की प्रगति होती है। घर का एक व्यक्ति शिक्षित होने पर परिवार जागरूक और शिक्षित होता है।



मुख्य अतिथि देवांगन ने उपस्थित ग्रामीणों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने तथा बच्चों की पढ़ाई लिखाई में स्वयं रूचि लेते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभ कर दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा। हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा के विकास को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए प्रेरित करना चाहिए एवं शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देना चाहिए। उन्होंने बालक एवं बालिकाओं को शाला में लाने एवं शाला में निरंतर बनाये रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील ग्रामीणों से की।

मंत्री देवांगन ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक होता है तथा बेहतर नागरिक बन पाता है। उन्होंने कहा कि शासन का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा स्कूल न छोड़े, उनकी नियमित उपस्थिति बनी रहे एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। हम सबको मिलकर प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दिलाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करना चाहिए जिससे प्रत्येक बच्चा शिक्षा के माध्यम से समग्र रूप से विकसित होकर उज्जवल भविष्य की मंजिल पा सके। उन्होंने कहा कि जिले के सभी शाला जाने योग्य बच्चे शाला में नामांकित हों तथा अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकें इस हेतु जागरूकता एवं निष्ठापूर्वक प्रयास किया जाना जरूरी है। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा जिले में विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने शुरू की गई कोचिंग की व्यवस्था, स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर विशेष पिछड़ी जनजाति के पहाड़ी कोरवाओं सहित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भर्ती का जिक्र करते हुए कहा कि इससे जिले में शिक्षा का बेहतर माहौल बनेगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों को बताते हुए श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के बच्चों के शिक्षा के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से इसका लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री द्वारा शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में दिए गए संदेश का वाचन भी किया।

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को स्कूल पहुंचने में सुविधा व अपनी पढ़ाई भली-भांति पूरी कर सकें इसके लिए रूचिकर मध्यान्ह भोजन, नि:शुल्क किताबें, गणवेश वितरण, नि:शुल्क साइकिल आदि तरीकों से बच्चों की रूचि बढ़ाने व जरूरतमंद पालकों को राहत देने का इंतजाम भी किया जाता है।

शाला प्रवेश उत्सव अभियान के जरिये इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि दाखिला लेने वाले बच्चों की पढ़ाई बीच में न छुटे तथा एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। विधायक श्री पटेल ने विद्यार्थियों के लिए परिवार को प्रथम पाठशाला बताते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अपनी प्रतिभा को निखारने का और आगे बढ़ने का समय होता है। उन्होंने सिर्फ नौकरी ही नहीं हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को महत्व देने की अपील की।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का अवसर नए सपनों को लेकर आता है। उन्होंने अच्छे नागरिक के निर्माण के लिए शिक्षा को आवश्यक बताया। इसके साथ ही बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भी बड़ी जिम्मेदारी होने की बात कही। कलेक्टर ने जिले में शिक्षा के विकास को बढ़ावा देने नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग हेतु जिले के विद्यार्थियों को बाहर भेजने, स्कूलों में रिक्त पदों के विरूद्ध शिक्षकों की नियुक्ति करने की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में स्कूलों में जो भी रिक्त पद हैं उसे भी पूर्ण कर लिया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोनबिर्रा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर शाला में प्रवेश दिया गया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क गणवेश, स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तक व अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया और उन्हें शिक्षा हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, सभापति जनप्रतिनिधिगण, प्रेस प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, पालकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

















# क्या लिपस्टिक में होते हैं कैंसर वाले केमिकल ये रहा जवाब

खूबसूरत दिखने की चाहत में महिलाएं ब्यूटी और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स का ज्यादा इस्तेमाल करती हैं. अधिकांश कॉस्मेटिक और ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स बनाने में खतरनाक केमिकल्स का इस्तेमाल होता है, जिन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल करने से हॉर्मोनल सिस्टम में गड़बड़ी, स्किन इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

इतना ही नहीं इन प्रोड्क्ट्स का इस्तेमाल लंबे समय तक करने से स्किन कैंसर तक का खतरा रहता है. ऐसा ही कुछ लिपिस्टिक के साथ भी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, ज्यादातर लिपस्टिक में कार्सिनोजेन्स नाम का केमिकल होता है, जिससे कैंसर होने का रिस्क ज्यादा रहता है. इतना ही नहीं ज्यादातर लिपस्टिक में क्रोमियम, लेड, एल्युमिनियम, कैडमियम और कई टॉक्सिंस पाए जाते हैं, जिनका सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है.

## कॉस्मेटिक्स-ब्यूटी प्रोडक्ट्स में केमिकल्स

आजकल ज्यादातर कॉस्मेटिक्स और ब्यूटी प्रोडक्ट्स में केमिकल का इस्तेमाल हो रहा है. लिपिस्टिक, लोशन, नेल पॉलिश, फाउंडेशन, आईशैडो और मस्कारा में पीएफएएस जैसे बेहद खतरनाक केमिकल मिलाए जाते हैं. कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स ज्यादा देर तक टिके रहे, इसके लिए उनमें कई तरह के केमिकल्स मिलाए जाते हैं, पीएफएएस यानी पॉलीफ्लूरोकाइल भी उनमें से एक है. यह कार्बन और फ्लोरीन से मिलकर बनता है, जो जल्दी नहीं टूटता है. इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल कॉस्मेटिक और टेक्सटाइल इंडस्ट्री में होता है।

## लिपस्टिक के साइड इफेक्ट्स...

1. लिपिस्टिक में बहुत से केमिकल्स मिलाए जाते हैं, जिनका लगातार इस्तेमाल एलर्जी या इंफेक्शन को बढ़ा सकता है.
2. लिपस्टिक लगातार लगाने से होंठों का रंग काला पड़ सकता है.
3. खाने के साथ लिपिस्टिक अंदर जाकर कई बीमारी बना सकती है.
4. लिपिस्टिक में मौजूद लेड, एल्यूमिनियम, क्रोमियम, कैडमियम और मैग्नीशियम शरीर में जाकर खतरनाक बन सकता है.
5. लिपस्टिक में मौजूद एल्यूमिनियम से अल्सर जैसी खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं.
6. कई महिलाएं लिपस्टिक को आईशैडो के तौर पर यूज करती हैं, इससे आंखों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है.
7. लिपस्टिक का लगातार इस्तेमाल प्रेगनेंसी में समस्या बन सकता है.
8. लिपस्टिक लंबे समय तक लगाने से किडनी भी फेल हो सकती है.

लिपिस्टिक के नुकसान से कैसे बचें

1. हर्बल लिपस्टिक चुनें.
2. लिपिस्टिक लगाने से पहले होठों पर बेस लगाएं, इसके लिए कंसीलर का यूज करें.
3. डार्क लिपस्टिक लेते समय सब्सेंट पर नजर डालें.
4. प्रेगनेंसी में लिपिस्टिक लगाने से बचें.
5. हफ्ते में 3 बार से ज्यादा लिपस्टिक न लगाएं.
6. केमिकल फ्री और पैराबेन फ्री लिपिस्टिक को ही चुनें.
7. लिपिस्टिक को लॉग लास्टिंग न बनाएं।

# एथनिक लुक में गजब की बला लगीं साक्षी मलिक
## कातिलाना अदाएं देख फैंस हुए मंत्रमुग्ध...

बॉलीवुड की बोल्ड और खूबसूरत एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपनी हॉटनेस के कारण इंटरनेट पर छाई हुई रहती हैं। उनका स्टाइलिश अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने लेटेस्ट ट्रेडिशनल लुक में फोटोज शेयर की हैं। उनके इस लुक ने एक बार फिर से इटरनेट पर तहलका मचा दिया है।



एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग अंदाज से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से एक बार फिर से फैंस के बीच कहर बरपा दिया है।

उनका ये हॉट अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। साथ ही उनका कातिलाना अंदाज लोगों के बीच थमने का नाम नहीं ले रहा है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अभिनेत्री साक्षी मलिक ने फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की फ्लोरल लुक में साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं।

खुले बाल,कानों में इयररिंग्स और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस साक्षी मलिक अपनी फिटनेस के लिए फैंस के बीच सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनकी फिटनेस बेहद कमाल की है। ये ही नहीं एक्ट्रेस का हर एक स्टाइल फैंस के बीच ट्रेंड भी करता है। साक्षी मलिक सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। साथ ही इंस्टा पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार श्रीलीला

पिछले दिनों अभिनेता वरुण धवन पिता बने हैं। उनकी पत्नी नताशा दलाल ने 3 जून को हिंदुजा अस्पताल में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया था।निजी जिंदगी के अलावा वरुण अपनी फिल्मों को लेकर भी चर्चा में हैं।फिलहाल वरुण के हाथ में कई फिल्में हैं, जिनमें एक नाम उनके पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही फिल्म भी शामिल है।खबर है कि वरुण की इस फिल्म के जरिए श्रीलीला बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड की अगली निर्देशित फिल्म से वरुण के साथ साउथ की अभिनेत्री श्रीलीला बॉलीवुड में कदम रखने के लिए तैयार हैं।बताया जा रहा है कि श्रीलीला फिल्म में वरुण की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाएंगी।इस फिल्म में मृणाल ठाकुर भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वरुण, मृणाल और श्रीलीला की यह फिल्म लव ट्रायंगल पर आधारित होगी।यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

वरुण ने एक बार फिर अपने पिता डेविड के साथ हाथ मिला लिया है और अब दोनों मिलकर फिर अपनी फिल्म से दर्शकों को लोट-पोट करने की पूरी तैयारी में हैं।डेविड और वरुण ने टिप्स फिल्मस से हाथ मिलाया है। रमेश तौरानी फिल्म के निर्माता हैं।डेविड-वरुण पहली बार फिल्म मैं तेरा हीरो के लिए साथ आए थे। इसके बाद दोनों ने जुड़वा 2 में साथ काम किया और फिर वे फिल्म कुली नंबर 1 के लिए साथ आए।

## रितेश देशमुख की पहली वेब सीरीज पिल का ट्रेलर जारी, खोलेंगे फार्मा कंपनी के धंधे की पोल

रितेश देशमुख बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जो किसी भी किरदार में जान फूंकना बखूबी जानते हैं। कॉमेडी हो या फिर नेगेटिव रोल उनकी हर भूमिका लोगों को काफी पसंद आती है। बिग स्क्रीन के बाद अब वह धीरे-धीरे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। उनकी साल 2022 में प्लान ए-प्लान बी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद अब वह वेब सीरीज में भी अपना डेब्यू कर रहे हैं। रितेश एक बार फिर से पिल के साथ फिर दर्शकों के बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लौट रहे हैं, जिसका धमाकेदार ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया है रितेश देशमुख के आगामी प्रोजेक्ट की कहानी उनकी पिछली फिल्मों से बिल्कुल हटकर है। पिल का 1 मिनट 50 सेकंड का ये ट्रेलर वाकई शानदार है। रितेश देशमुख ने इस सीरीज में डॉ प्रकाश चौहान का किरदार अदा कर रहे हैं, जो कंपनी का डिप्टी मेडिसिन कंट्रोलर है।

# बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या की कारोबार 100 करोड़ की ओर, दुनियाभर में कमाए 112.83 करोड़

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म मुंज्या दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रही है। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीना पूरा होने जा रहा है।

हॉरर के साथ कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म में मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। तमाम सितारों की अदाकारी और फिल्म की कहानी दर्शकों को खूब पंसद आ रही है।आइए जानते हैं मुंज्या ने 24वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।




घरेलू बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मुंज्या ने रिलीज के 24वें दिन यानी चौथे रविवार 1.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 95.63 करोड़ रुपये हो गया है।महज 24 दिन में दुनियाभर में इस फिल्म 112.83 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। दिनेश विजान इस फिल्म के निर्माता हैं।

'मुंज्या' एक हॉरर कॉमेडी है जो भारतीय लोककथाओं से प्रेरित है. इस फिल्म में अभय वर्मा, शरवरी वाघ, मोना सिंह, सत्यराज, सुहासिनी जोशी और तरनजोत सिंह ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म स्त्री, रूही और भेड़िया के बाद दिनेश विजान की मैडॉक के सुपरनेचुरल यूनिवर्स की चौथी फिल्म है।

# लंबाई बढ़ाता है यह योगासन



**योग में भला क्या असंभव है. अगर आप मोटे हैं और पतला होना चाहते हैं, तो संभव है. अगर आप तनाव मुक्त होना चाहते हैं, तो ये भी संभव है और अगर आप लम्बे होना चाहते हैं, ये भी संभव है. जी हां, अब आप अपनी लम्बाई बढ़ाने के लिए अपना सकते हैं योग का रास्ता. करना क्या है ये हम आपको बताते हैं.**

खड़े होकर किया जाने वाला ताड़ासन लम्बाई बढ़ाने में मदद करता है और तो और ये असान भी बहुत है. इसे बड़ी ही आसानी से किसी भी उम्र में किया जा सकता है.

### यूं करें ताड़ासन

- दोनों एडी और पंजे थोड़े से गैप देकर खड़े हों.
- दोनों हाथ कमर की सीध में ऊपर की ओर रखें और हथेलियों को मिलाएं.
- दोनों हाथों की अंगुलियां भी आपस में मिली होनी चाहिए.
- कमर सीधी, नजरें सामने की ओर व गर्दन सीधी रखें.
- दोनों एड़ियां भी ऊपर की और उठती हैं और शरीर का पूरा भार पंजों पर डाल दें.
- हाथ-पैरों को उठाते हुए पेट अंदर करें. इससे आपका संतुलन खराब नहीं होगा.

### ताड़ासन के फायदे

जिन लोगों की लम्बाई कम होती है उनके लिए यह आसन बहुत ही फायदेमंद है. इतना ही नहीं पैरों में होने वाले दर्द से भी ये राहत दिलाता है.

### ध्यान रहे

- ताड़ासन करते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखें-
- पैरों में कोई गंभीर रोग है, तो इस आसन को न करें.
- जब आप अपने हाथों को ऊपर की ओर ले जाएं, तो इस बात का ध्यान रहे कि हाथों के साथ एड़ियों को भी ऊपर की ओर उठाना है.
- घुटनों में दर्द की शिकायत होने पर इस आसन को न करें.
- गर्भवती महिलाओ के लिए सिर्फ शरुआती 5 माह तक ही यह आसान करना चाहिए.

## सिर और गले के कैंसर को फिर से लौटने से रोकती है ब्रोकली

एक नए अध्ययन से पता चला है कि सुपर फ़ूड ब्रोकोली का अधिक सेवन सिर तथा गले के कैंसर के सरवाईवर्स में कैंसर की कोशिकाओं को पुनः बनने से रोकता है। पीट्सबर्ग यूनिवर्सिटी की प्रमुख लेखिका जूली बोमन के अनुसार, अक्सर सिर और गर्दन के कैंसर के सरवाईवर्स में यह देखा जाता है कि यह कैंसर कुछ सालों बाद घातक परिणामों के साथ वापस आ जाता है। ब्रोकोली में सल्फ़ोराफेन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। अध्ययनों के अनुसार यह एक प्राकृतिक आणविक यौगिक है जो पर्यावरण में पाए जाने वाले कैंसर उत्पन्न करने वाले कारकों से लोगों को रक्षा करती है। ब्रोकोली का सेवन करने से कोशिकाओं में सल्फ़ोराफेन बढ़ता है। उस प्रोटीन का स्तर बढ़ता है जो इस क्रुसिफेरस सब्जी में मिलने वाले डिटॉक्सीफिकेशन जींस को सक्रिय करता है। ये जींस (गुणसूत्र) कैंसर से कोशिकाओं की रक्षा करते हैं क्योंकि ये शरीर से कैंसर उत्पन्न करने वाले कारकों को साफ़ करते हैं, विशेष रूप से सिगरेट के कारण उत्पन्न होने वाले कारक। कैंसर प्रिवेंशन रिसर्च पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार एक टीम ने सिर तथा गले के कैंसर के रोगियों को सल्फ़ोराफेन के विभिन्न डोज़ दिए तथा उनके कैंसर कोशिकाओं की तुलना गले और मुंह की स्वस्थ कोशिकाओं से की। इसके अलावा चूहों पर एक परीक्षण यह देखने के लिए किया गया कि ब्रोकोली का सत्व चूहों पर किस प्रकार का प्रभाव डालता है। इन चूहों को सिर और गर्दन के कैंसर के लिए प्रवृत्त किया गया था। परिणामों में यह देखा गया कि जिन चूहों को सल्फ़ोराफेन दिया गया था उनमें अन्य चूहों की तुलना में (जिन्हें सल्फ़ोराफेन का डोज़ नहीं दिया गया) कम कैंसर कोशिकाओं का निर्माण हुआ। बोमन ने बताया कि, पौधों से या उनके सत्व से प्रतिरोधी दवाईयों का निर्माण करके उत्पादन और वितरण की लागत को कम किया जा सकता है इससे मृत्यु दर और जीवन की गुणवत्ता पर एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## अनार का रस ......
# थामेगा आपकी बढ़ती उम्र

अनार के गुणों के बारे में हम सभी परिचित हैं। अनार का जूस, शरीर में रक्त की मात्रा में बढ़ोत्तरी करता है, शरीर को भरपूर ऊर्जा देता है और रोगी के शरीर में क्षमता को बढ़ाता है ताकि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सकें।



जब हम अनार के जूस का सेवन करते हैं तो हमारे शरीर से यूरोलिथिन ए प्रोड्यूस होती है जो कि एक प्रकार की मॉलीक्यूल है। जब यह मॉलीक्यूल, गट में माईक्रोबेस के द्वारा बदल जाती है तो यह मांसपेशियों की कोशिकाओं की रक्षा करता है और उन्हें उम्र बढ़ने के साथ बढ़ने वाले प्रभावों को स्पष्ट होने से रोकता है।

जी हां, इसका मतलब यह है कि अनार के जूस का सेवन करने से बढ़ती उम्र के प्रभाव थम जाते हैं और त्वचा भी दमकदार बनी रहती है। जब हमारी उम्र बढ़ती है तो हमारे शरीर की कोशिकाएं, माईटोकॉन्ड्रिया रिसाइकल करने के लिए तेजी से स्ट्र्गल करने लगती है, जिसे कोशिकाओं का पॉवरहाउस भी कहा जाता है और वे, उनके वाइटल फंक्शन को करने के लिए बहुत लम्बे समय तक सक्षम नहीं होती हैं और इस प्रकार, यह कोशिकाओं में संचय हो जाता है। यह अपक्षय, शरीर के कई ऊतकों पर प्रभाव डालता है, मांसपेशियों पर भी प्रभाव डालता है, जो समय के साथ-साथ कमजोर होती जाती हैं और उम्र सम्बंधी बीमारियों को बढ़ावा देती हैं। लेकिन अनार में पाया जाने वाला यूरोलिथिन ए, कोशिकाओं में नई ऊर्जा का संचार कर देता है, उनमें डिफेक्टिव माइटोकॉन्ड्रिया के घटकों को रिसाइकिल करने की क्षमता आ जाती है और इस प्रकार, एक नई प्रक्रिया पुनः शुरू हो जाती है और बढ़ती उम्र के प्रभाव थम जाते हैं। इस बारे में समस्त अध्ययन को स्विटजरलैंड में एक रिसर्च इंस्टीट्यूट में पैट्रिक एबीसेचर ने किया है। एबीसेचर का कहना है कि अनार का जूस, पूरी तरह से प्राकृतिक पदार्थ है जो कि शरीर को भरपूर ताकत और ऊर्जा देता है। अध्ययन को करने के लिए, टीम ने सबसे पहले हाईपोथेसिस को टेस्ट किया और उसके बाद उन्होंने परीक्षण को आखिरी रूप में किया। इस पूरे अध्ययन में उन्हें चौंकाने वाले परिणाम मिले कि 8-10 दिन में ही एंटी-एजिंग इफेक्ट दिखना शुरू हो गया था। साथ ही अध्ययन में यह भी निष्कर्ष निकले हैं कि, यूरोलिथिन ए, हमारी आंतों को स्वस्थ बनाता है और पाचन क्रिया को दुरूस्त करता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस अध्ययन को मानवों पर करने से पहले चूहों पर लगभग 2 साल तक किया गया था कि यूरोलिथिन का शरीर पर सूक्ष्म प्रभाव क्या होता है। एक नियंत्रित समूह में लगभग दो साल तक सभी चूहों का अंडरऑब्जर्वेशन में रखा गया था। बाद में, इससे मानवों पर करके निष्कर्ष को जर्नल में प्रकाशित किया गया।

## खास खबर

### समाज को व्यवस्थित रखने पारदर्शी-जवाबदेही कानून जरूरी - कलेक्टर

**सुकमा।** भारत का तीन नया कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज 1 जुलाई से लागू हो रहा है। जिला पुलिस-प्रशासन के सौजन्य से थाना परिसर सुकमा में आयोजित नवीन कानून शुभारंभ उत्सव में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, गणमान्य नागरिक, मीडिया सहित सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में नए कानून के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कलेक्टर हरिस.एस ने कहा कि समाज को व्यवस्थित रखने के लिए पारदर्शी और जवाबदेही कानून जरूरी है। इसका उद्देश्य त्वरित न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि पुराने कानून में संशोधन कर नई धाराएं जोड़ी गई हैं तथा धाराओं का समायोजन किया गया है, इससे लोगों को त्वरित रूप से न्याय मिलेगा। उन्होंने संशोधित कानून के बारे में लोगों को जागरूक करने कहा। पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने कहा कि नए कानून में एकरूपता, समानता संवेदनशीलता और गोपनीयता को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि नया कानून लागू होने से हम दंड से न्याय की ओर जा रहे हैं। उन्होंने नए कानून में बदलाव हुए विभिन्न प्रावधानों, धाराओं, संगठित अपराधों, चोरी, हत्या साइबर क्राइम, न्याय प्रक्रिया के लिए समय सीमा का निर्धारण, साक्ष्य सुरक्षा के प्रावधानों आदि की जानकारी दी।

### जिले में 9 से 11 तक किया जाएगा वृहद् पौधरोपण

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अंगना में शिक्षा के तहत आयोजित पढ़ाई तिहार में सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने कहा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को उक्त अभियान में समन्वय स्थापित करने कहा। इसके साथ ही आरटीई मेंटर्स की नियुक्ति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी मेंटर्स नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करेंगे और इसकी जानकारी से अवगत कराएंगे। उन्होंने आमदी में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। आगामी 9 से 11 जुलाई तक जिले में आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के लिए खोदे गए गड्ढे और पौधरोपण की जियो टैग अनिवार्य रूप से कर लें। आगामी 12 जुलाई को नगरी विकासखण्ड के ग्राम लिखमा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के पहले विकासखण्ड स्तर पर उक्त ग्राम में शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। साथ ही उक्त विकासखण्ड स्तरीय शिविर में ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों को उपस्थित होने आवेदनों का निराकरण कहा और इसकी जानकारी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में मक्का और सोयाबीन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त अवसर: शिवराज सिंह चौहान

### किसानों और कृषि क्षेत्र के हित में छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहायता देती रहेगी केंद्र सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश में कृषि क्षेत्र की तेजी से प्रगति के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यवार चर्चा की पहल की है। आज नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय मंत्री ने बैठक की।




इस दौरान छत्तीसगढ़ में दलहन, तिलहन, बागवानी फसल को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े अन्य अनेक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों व कृषि क्षेत्र का हित हमारे लिए सर्वोपरि है और इसी के तहत छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार हरसंभव सहायता देती रहेगी।

केंद्रीय मंत्री चौहान की, छत्तीसगढ़ के मंत्री नेताम के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, दलहन, तिलहन, बागवानी, नमो ड्रोन दीदी, आयल पाम मिशन सहित भारत सरकार की अन्य योजनाओं व कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को केन्द्रीय स्तर पर कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार मिल-जुलकर काम करते रहेंगे। श्री चौहान ने आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अपने स्तर पर पूरा सहयोग देगा। उन्होंने दलहन व तिलहन को प्रोत्साहित करने की केन्द्र सरकार की नीति का उल्लेख भी किया। श्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मक्का व सोयाबीन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खरीफ सीजन में खाद-बीज आदि आदानों की पर्याप्त उलब्धता रहेगी, इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के प्रस्ताव पर बागवानी और मक्का के क्षेत्र विस्तार पर सहमति प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ में सोयाबीन की फसल की संभावना को देखते हुए सोयाबीन की फसल को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। मंत्री श्री नेताम ने प्रदेश में खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण और वितरण के संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री को अवगत कराया।

साथ ही उन्होंने इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव संजीव चोपड़ा सहित केंद्र व राज्य के कृषि एवं बागवानी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# विकास में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका: लखनलाल देवांगन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कोरबा प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब ने अपनी अलग पहचान बनाई है। चुनाव एक मात्र प्रक्रिया होती है। हर संगठन को चलाने के लिए मुखिया की जरूरत होती है। चुनाव में जीत-हार लगी रहती है। प्रेस जनता का आईना होता है। मीडिया सरकार की विभिन्न योजना को जन-जन तक पहुंचाता है।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मेरे महापौर के कार्यकाल में प्रेस क्लब के भवन का निर्माण हुआ था। कोरबा की जनता ने अब मंत्री और विधायक का दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे कार्य 6 महिने में पूरे हो चुके हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पूरे कोरबा में विकास की बहुत सारी संभावना है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आप लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कोरबा का विकास किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

इससे पहले उन्होंने कोरबा प्रेस क्लब, कोरबा के द्विवर्षीय प्रबंध कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, सचिव नागेन्द्र श्रीवास, उप सचिव रघुनंदन सोनी, कोषाध्यक्ष ई. जयन व कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री राजकुमार शाह, शेख असलम व नीलम पड़वार को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने भी पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरबा के पत्रकार जागरूक और एकजुट हैं। आज पत्रकार अपने कलम की ताकत से हर वर्ग को सरकार की योजना का लाभ दिलाने में सशक्त भूमिका निभा रहा है। मीडिया प्रभारी आकाश श्रीवास्तव भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ हेल्थ कॉन्क्लेव में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रायपुर में चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य पर द सुश्रुत अवार्ड छत्तीसगढ़ हेल्थ कॉन्क्लेव कार्यक्रम में शामिल हुए और चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों के बीच उपस्थित रहकर विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। द सुश्रुत अवार्ड कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों के उत्कृष्ट कार्यों को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना है।

श्री जायसवाल ने इस अवसर पर सभी उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दी । इस मौके पर मानव सेवा में निरंतर समर्पित होकर कार्य कर रहे डॉक्टर्स बंधुओं का विशेष रूप से सम्मान भी किया गया। श्री जायसवाल ने चिकित्सकों के योगदान की सराहना की और उनकी निस्वार्थ सेवा को सम्मानित करने के महत्व पर बल दिया।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर आयोजित मेगा प्लेसमेंट कैंप में हजारों युवाओं को मिला रोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मेगा प्लेसमेंट कैंप से कई युवाओं को रोजगार मिल गया है। सालों से रोजगार की तालाश में भटक रहे बेरोजगारों के लिए प्लेसमेंट कैंप ने नई दिशा दिखाई है। इस कैंप के जरिए युवाओं और उनके परिवारों ने आंखों में जो सपने संजोए थे वे पूरे होने लगे है।



इन्हीं युवाओं में भारतीय नगर निवासी दिव्यांग सनी कुमार कुर्रे भी शामिल है। 25 वर्षीय सनी ने बताया कि उन्हें जब मेगा प्लेसमेंट कैंप के आयोजन की जानकारी मिली तब उन्होंने बिना देरी किए इसमें शामिल होने का निर्णय लिया। आज उन्हें रोजगार मिल गया हैं। श्री श्याम अस्पताल के डायरेक्टर ने आज उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्हें बिलिंग स्टाफके रूप में काम दिया गया है। वे कहते है कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि इतनी अच्छी जगह उन्हें नौकरी मिल जाएगी। वर्ष 2012 में अपने साथ हुई दुर्घटना को याद कर वे आज भी सहम जाते हैं। इसके पहले वे पूरी तरह स्वस्थ थे लेकिन जुलाई 2012 में उनके जीवन में ऐसी दुर्घटना हुई कि उनकी पूरी दुनिया ही बिखर चुकी थी। अपने भाई के जन्मदिन पर वे गैस बलून लेने गए थे अचानक सिलेंडर ब्लास्ट हुआ और इस दर्दनाक हादसे में उन्होंने अपने दोनों पैर गंवा दिए। घर के बड़े बेटे के साथ हुए इस हादसे ने माता-पिता को झकझोर के रख दिया। श्री कुर्रे के परिवार में अभी आठ लोग रहते है। संयुक्त परिवार के भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी श्री कुर्रे और उनके पिता पर ही है। इसके पहले श्री कुर्रे छोटा मोटा काम करके गुजर-बसर करते थे। उन्हें समाज कल्याण विभाग से ट्राईसिकल भी मिली है।

इस नौकरी के मिल जाने से उन्हें और उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। श्री कुर्रे इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते नहीं थकते है। वे कहते है कि सरकार ने हम जैसे बेरोजगारों की सुध ली है। सरकार की पहल पर ही इस तरह के रोजगार कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो निश्चित ही उन जैसे बेरोजगारों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। प्लेसमेंट कैंप के नोडल अधिकारी तन्मय खन्ना ने बताया कि 1700 युवाओं को कैंप में ऑफर लेटर मिला था। उन्हें शनैः शनैः निजी कंपनियों द्वारा नियोजित किया जा रहा है।

### नए कानूनों के लागू होने पर उप मुख्यमंत्री शर्मा ने जताई खुशी, कहा

# कानून भारतीय न्याय प्रणाली में एक नई क्रांति लाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा में देश में तीन आपराधिक कानूनों के लागू होने पर आज उत्सव मनाया एवं सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण भी किया। नए कानूनों के लागू होने पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि कानून भारतीय न्याय प्रणाली में एक नई क्रांति लाएगा।



इससे न केवल अपराधों की जांच में तेजी आएगी बल्कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा भी मिल सकेगी। नए कानूनों के माध्यम से आम नागरिकों को न्याय पाना और भी आसान होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा में सुधार लाना है। इसके तहत नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है, जिससे कानून का पालन करना और उसकी रक्षा करना आसान होगा। भारतीय न्याय संहिता का मुख्य उद्देश्य न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है ताकि नागरिकों को त्वरित न्याय मिल सके। इससे मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी और न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम होगी। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान आज से लागू होने वाले तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरल करने के लिए लाया गया है। नये तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यतः पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन कराते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सहसपुर लोहारा का नया थाना भवन क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन से पुलिस बल को अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न करने में सहायता मिलेगी। इस तरह के प्रयास स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देते हैं और सरकार की कानून और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इससे पुलिस की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान की जा सकेगी।

### भावना दीदी की एक और गारंटी हुई पूरी

# पंडरिया विधानसभा के सभी 7 स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र का शुभारंभ




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** पंडरिया विधानसभा में जनता की सेवा,स्वास्थ्य,सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहीं समाज सेविका एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सोमवार को ग्राम दुल्लापुर में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) का शुभारंभ किया। दुल्लापुर क्षेत्र में इस केंद्र की स्थापना के साथ ही भावना दीदी की गारंटी में उन्होंने जो संकल्प और क्षेत्र की जनता से जो वादा किया था उसे भी पूरा किया। जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण, क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों व जनता के सुझावों के साथ ही शासकीय योजनाओं की जानकारी व उसका लाभ लेने के लिए जनता को दूर नहीं जाना पड़े इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के रणवीरपुर, कुई कुकदुर, इंदौरी, दुल्लापुर, पंडरिया, पांडातराई एवं कुंडा में इन केन्द्रों की स्थापना की है।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत गर्व व हर्ष का क्षण है। जनता की सेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए हमने जो संकल्प किया और भावना दीदी की गारंटी में विधानसभा के 7 प्रमुख क्षेत्रों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना का जो वादा किया था वह विधानसभा के मेरे परिवारजनों के आशीर्वाद व सहयोग से पूरा हुआ है।

न्यू किट्टी बुक एंड स्टेशनरी मार्ट
• खाता बही, माला,
• फ्लावर झालर,
• लेजर बुक,
• कैश बुक,
• रोकड़ बही खाता
• कैलेंडर स्टेशनरी सामान
किसी भी बुक एंड स्टेशनरी में जाने से पहले एक बार न्यू किट्टी में जरूर पधारें...
नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई, मो.-9584917866, 6261748903

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### सरकारी शराब दुकान में चोरों ने पार कर दिया 9 लाख कैश, सीसी कैमरा का तार भी काटा

**बेमेतरा।** जिले के एक सरकारी शराब दुकान में चोरी की वारदात हुई है। यह मामला साजा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत देवकर का है। जानकारी अनुसार देवकर के सरकारी शराब दुकान से 9 लाख 20 हजार 680 रुपए को अज्ञात चोर ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को चोरी किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आज सुबह शराब दुकान में पुलिस की टीम पहुंची हुई थी।

पुलिस के अनुसार अज्ञात चोर ने ताला को खोलकर रुपए चोरी किया है। इसके अलावा दुकान में लगे सीसीटीवी केबल को काट दिया था। इस कारण सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल सका है। पुलिस को यहां काम करने वाले प्लेसमेंट कर्मचारियों के ऊपर शक है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रहीं है। मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है।

वर्तमान में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि प्रदेश में 2017-18 से खुद सरकार द्वारा इन शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। इसके संचालन को लेकर सरकार ने दुकानों में प्लेसमेंट कर्मचारी तैनात किए है। हालांकि, शराब की बिक्री व अन्य कामकाज सीधे आबकारी विभाग के कंट्रोल में रहते है। 2017-18 के पहले शराब दुकान को ठेका के माध्यम से संचालित किया जा रहा था।

### राजधानी रायपुर में पता पूछने पर छात्र की हत्या, जमकर लात घूंसों से की पिटाई

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक कॉलेज स्टूडेंट की पता पूछने पर हत्या हो गई। पता पूछने पर आरोपी नाराज हो गए। उन्होंने गाली गलौज करते हुए स्टूडेंट को जबरन बाइक में बैठा लिया। फिर उसे अपने मोहल्ले लेकर गए, जहां लात-घूसों से उसकी पिटाई की। हत्यारों का मन नहीं भरा तो उन्होंने उसका सिर जमीन पर पटक-पटक कर फोड़ दिया, फिर आरोपी फरार हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल लेकर गई। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना है कि इस मामले में पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनमें से एक आरोपी सावन डोंगरे है। वही दूसरा आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस जल्द ही खुलासा करेगी।

### छत्तीसगढ़ में ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**बिलासपुर।** शहर में सोमवार को तेज रफ्तार ट्रेलर के बाइक को चक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार अभिषेक (27) की मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपने घर से काम पर जाने के लिए निकला था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले ही मृतक के भाई की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार में दो-दो जवान बेटों की मौत से अब दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

नयापारा निवासी अभिषेक वर्मा उर्फ शुभम ड्राइवर था। वो सोमवार की सुबह अपनी बाइक लेकर गुंबर चौक की ओर गया था। घर में वह काम पर जाने के लिए निकला था। अभी वह गुंबर चौक के पास पहुंचा था। उसी समय रायपुर तरफसे आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# बिलासपुर पुलिस की पकड़ में आया अंतरराष्ट्रीय जालसाज, शिमला से चार शातिर गिरफ्तार

## ऑनलाइन रिव्यू रेटिंग के नाम पर मोपका बिलासपुर के रहने वाले व्यक्ति को लगाया था 28 लाख का चूना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर। शहर में एक व्यक्ति से हुई साइबर ठगी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लगभग 28 लाख रुपए की ठगी के मामले में अंतरराष्ट्रीय ठग सहित चार शातिरों को हिमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वॉट्सअप एवं टेलीग्राम एप के माध्यम से होटल, किला, लॉज की रिव्यु रेंटिंग कर कम मेहनत में अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी की थी। गिरफ्तारी के बाद चारों आरोपियों को बिलासपुर लाया और सोमवार को इस मामले का खुलासा किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन, 6 एटीएम कार्ड, 2 पासपोर्ट एवं बैंको के पासबुक बरामद किये गए हैं।**




यह पूरा मामला बिलासपुर शहर के मोपका से जुड़ा है। मोपका निवासी सियाशरण तिवारी ने रेंज साइबर थाना बिलासपुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा वाट्सअप के माध्यम से संपर्क कर वर्क फ्रॉम होम के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। कॉलर ने टेलीग्राम के जरिए लिंक भेजा और गूगल मैप पर होटल, लॉज, किला की ऑनलाईन रिव्यू रेटिंग कर उसका स्क्रीन शॉट भेजने पर कंपनी द्वारा कमीशन पे करने का झांसा दिया। इसके बाद पहले एक ट्रांजेक्शन में प्राथी को लाभ दिया गया जिससे वह इसमें पूरी तरह फंस गया और 27 लाख 80 हजार 510 रुपए गंवा बैठा। शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शिकायत के आधार पुलिस ने धोखाधडी करने वाले व्यक्तियो की जानकारी एकत्र करने सायबर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कर कर अवलोकन किया गया। संदिग्ध बैंक खातो को चिन्हांकित कर बैंक स्टेटमेंट, एटीएम फुटेज की समीक्षा एवं तकनीकी इन्पुट के आधार पर पुलिस को आरोपियो के हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन के आसपास मे ठिकाना बनाकर अपराध करने की जानकारी मिली। इसके बाद एक विशेष टीम को हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन ओर रवाना किया गया। टीम द्वारा 01 सप्ताह से अधिक समय तक हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन में रहकर आरोपियों का पता ठिकाना जाना।

स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी प्रियांशु रंजन निवासी हैदराबाद को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी मो. शोबुल, राजवीर सिंह व टेम्फुकार्ल नगेह के साथ मिलकर विगत एक साल से टेलीग्राम एप के माध्यम से लोगों को जोडकर विभिन्न प्रकार से मुनाफा कमाने के नाम पर ऑनलाईन ठगी का काम कर रहा है। इस दौरान पुलिस ने ठगी के काम में उपयोग में आने वाले मोबाईल फोन, लैपटाप, फर्जी सिम कार्ड व फर्जी बैंक खाते जब्त किए। गिरफ्तार किये गये चारो आरोपी बाहरा यूनिवर्सिटी वाक्नाघाट सोलन के छात्र हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस पूरी कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं एसीसीयू बिलासपुर अनुज कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा निमितेश सिंह, निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक अजय वारे, एएसआई सुरेश पाठक, आरक्षक विजेन्द्र मरकाम, श्रीश तिवारी, मुकेश वर्मा व अन्य का विशेष योगदान रहा।

### नए कानून के तहत दुर्ग जिले में दर्ज हुई पहली एफआईआर, चोरी की शिकायत पर लगी यह धारा




**भिलाई।** देश में सोमवार से नए कानून लागू हो गए हैं। अब सभी थानों में इन्हीं नए कानून की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किए जा रहे हैं। दुर्ग जिले में नए कानून के तहत पहली एफआईआर दर्ज कर ली गई है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत दुर्ग जिले के पाटन थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही दुर्ग जिले में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया।

पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम राखी निवासी नकुल लाल ने पाटन थाने पहुंचकर अपने खेत में लगे सौर ऊर्जा का केबल वायर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उसका खेत रवेली खार में है जहां पर मोटर पंप के लिए सौर ऊर्जा का पैनल लगा हुआ। वह सोमवार की सुबह जब खेत में बीज डालने के लिए गया तो देखा कि सौर ऊर्जा का केबल को किसी ने चुरा लिया है। नकुल लाल की शिकायत पर पाटन पुलिस ने दोपहर 2:10 बजे भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। इससे पहले चोरी के मामलों में धारा 457, 380 के तहत अपरध पंजीबद्ध होता था।

### बिलासपुर पुलिस की अपील

सायबर ठग आये दिन नये-नये तरीको के माधयम से आम जनता से धोखाधडी करने का प्रयास करते है। कोई भी व्यक्ति अनजान नम्बर से अपने आप को पुलिस का अधिकारी, सीबीआई अथवा ईडी का अधिकारी बताकर ठगी करने का प्रयास करते है ऐसे कॉल से सावधान रहे। बिलासपुर पुलिस इस प्रकार के ठगी को रोकने के लिये थानो में आम जनता द्वारा दर्ज कराये गये रिपोर्ट में मोबाईल नम्बर एवं व्यक्तिगत जानकारी हाईड किया जा रहा है। अनजान व्यक्ति जिसका नम्बर आपके मोबाईल पर सेव नही है उसके साथ कभी भी कोई निजी जानकारी, बैंकिग जानकारी, ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड फोटो आदि शेयर न करे। अनजान वेबसाईट एवं अनाधिकृत एप डॉउनलोड या सर्च करने से बचे। कम परिश्रम से अधिक लाभ कमाने अथवा रकम दुगना करने का झांसा देने वाले व्यक्तियों से सावधान रहे खुद को स्वयं होकर ठगो के पास न पहुंचाये। सावधानी बरतने के बाद भी यदि साइबर फ्रॉड के शिकार हो जाते हैं तो तत्काल नजदीकी थाना में अपनी शिकायत दर्ज करें। हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते है।

# 75 हजार रुपए के नकली नोट के साथ पकड़ाया शातिर

■ **जशपुर जिले के बागबहार थाने का मामला**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में नकली नोट खपाने वाले रैकेट का भांडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने नकली नोट खपाने से पहले ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने कुल 75 हजार रुपए के नकली नोट, 49 हजार रुपए के असली नोट व 4 बंडल नोट साइज के पेपर जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस ने अंबिकापुर निवासी सम्पत कुमार टोप्पो को गिरफ्तार कर धारा धारा 489(बी), 489 (सी), 120(बी) के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं इसके अन्य साथी फरार हो गए हैं। मामला बागगहार थाना क्षेत्र का है।

दरअसल जशपुर की बागबहार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बागबहार क्षेत्र के ग्राम चिकनीपानी स्थित भरारी नाला के पास एक सफेद रंग के आल्टो कार क्रमांक सीजी 16 सीएम 9300 में सवार संपत कुमार टोप्पो और उसके एक अन्य साथी द्वारा ओड़िशा से आये व्यक्तियों से नकली नोट का लेनदेन कर रहे हैं। सूचना पर एसपी शशिमोहन सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक सरोज टोप्पो के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मौके के लिये रवाना किया गया।



टीम द्वारा भरारी नाला के पास जाकर आल्टो कार क्रमांक सीजी 16 सीएम 9300 की घेराबंदी की जा रही थी। इस दौरान कार में सवार 3 लोगों को पुलिस के आने की भनक लग गई और वे जंगल की ओर भाग गए। कार की सीट पर एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम सम्पत कुमार टोप्पो (24) साल निवासी कोरिमा थाना अंबिकापुर का होना बताया। पुलिस की पूछताछ के बाद कार की तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर ड्राइवर सीट के पीछे रखे बैग 500-500 रुपए के नकली नोट कुल 150 नग कुल 75 हजार रुपए, 500-500 रुपए के 49 हजार रुपए व 04 बंडल नोट साईज का सफेद कागज मिले।

### ओड़िशा से लेकर आया था नकली नोट, साथी हुए फरार

पुलिस की पूछताछ में आरोपी सम्पत कुमार टोप्पो ने बताया कि उसके फरार साथी ललित महरा ने बताया था कि ओड़िशा की एक पार्टी असली नोट के बदले पांच गुना नकली नोट देती है। यह नोट ऐसें होते हैं जिसमें असली व नकली की पहचान कर पाना संभव नहीं। ललित की बातों में आकर संपत ने 50 हजार रुपए के नकली नोट खरीदना चाहा। इसके बाद वह 29 जून को अपने साथी के साथ कार में सवार होकर भरारी नाला के पास पहुंचा। संपर्क करने पर ओड़िशा की पार्टी ने दूसरे दिन आने कहा। इसके दूसरे दिन यानी 30 जून को ओड़िशा के व्यक्ति आये और सैम्पल दिखाने के उपरांत 500-500 रुपए के नकली नोट 150 नग कुल 75 हजार रुपए दिये। इन नोटों को कार में पीछे तरफरखा था और इसी दौरान वे तीनों पुलिस को देखकर भाग गये। संपत कुमार पुलिस की पकड़ में आ गया।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 3562 /नि.प्र. क्र.-01/लो.नि.वि./2024-25 दुर्ग, दिनांक 28/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 22/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 23/07/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0001 | Providing E/F to OM work of A.C., R.O. and Water Cooler at NRB Civil Sub Dn. No.-1, Durg | 5.00 Lacs |
| (2) T0002 | Providing E/F to OM of Pump, Fan and Cooler work under District Balod | 5.00 Lacs |
| (3) T0003 | Providing E/F to OM of A.C., Fridge and Water Cooler under Sub Division, Bemetara | 4.98 Lacs |
| (4) T0004 | Providing E/F to OM of Cooler, Fan and Pump Repair under Sub Division, Kawardha | 5.00 Lacs |
| (5) T0005 | Providing E/F to OM of A.C., Fridge, R.O. and Water Cooler under District Rajnandgaon | 4.98 Lacs |
| (6) T0006 | Providing E/F to OM of Cooler, Fan and Pump Repair under District Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai | 4.95 Lacs |
| (7) T0007 | Providing E/F to OM of A.C., Fridge, R.O. and Water Cooler under District Mohla-Manpur Ambagarhchowki | 4.90 Lacs |
| (8) T0008 | Providing E/F to OM work of A.C., R.O. and Water Cooler at NRB Verious office Building, Durg | 5.00 Lacs |
| (9) T0009 | Providing E/F to OM of A.C., Fridge, R.O. and Water Cooler under District Balod | 5.00 Lacs |
| (10) T0010 | Providing E/F to OM of Cooler, Fan Rewinding and Pump Repair under District Bemetara | 4.95 Lacs |
| (11) T0011 | Providing E/F to OM work of Air Conditioner under Sub Division, Kawardha | 5.00 Lacs |
| (12) T0012 | Providing E/F to OM of Cooler, Fan and Pump Repair under Sub Division, Rajnandgaon | 4.95 Lacs |
| (13) T0013 | Providing E/F to OM of A.C., Fridge, R.O. and Water Cooler under District Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai | 4.90 Lacs |
| (14) T0014 | Providing E/F to OM of Cooler, Fan and Pump Repair under District Mohla-Manpur Ambagarhchowki | 4.85 Lacs |
| (15) T0015 | Providing E/F to OM work of A.C. unit at under District Durg | 4.99 Lacs |
| (16) T0016 | Providing E/F to OM work of A.C., R.O. and Water Cooler at NRB under Block Patan, District Durg | 5.00 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्ते का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीप:- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी-242500716/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि.यां. ) संभाग दुर्ग


# छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या, बार-बार की पिटाई से था परेशान

■ **महासमुंद के सिरपुर चौकी का मामला, आरोपी ने किया सरेंडर**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है। यहां छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। हत्या की वजह मां की देखभाल को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। हत्या के बाद आरोपी ने खुद ही थाने में सरेंडर कर दिया है। मामला सिरपुर चौकी इलाके की है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार रात की बताई जा रही है। सिरपुर चौकी में खून से लथपथ शख्स को देख पुलिस हैरान रह गई। चौकी पहुंचकर उसने अपना नाम पीलूराम ध्रुव (35) बताया। उसने बताया कि उसने अपने बड़े भाई पीलाराम ध्रुव (38) की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। थाने में आरोपी को हिरासत में लेकर वे तत्काल घटना स्थल पहुंचे। जहां पीलाराम की लाश खटिया पर पड़ी थी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### दोनों में हुआ था जमकर विवाद

पुलिस की पूछताछ में आरोपी पीलूराम ने बताया कि रविवार की रात को दोनों भाइयों में शराब के नशे में जमकर विवाद हुआ। इस दौरान बड़े भाई पीलाराम ने पीलूराम की जमकर पिटाई की जिससे वह नाराज था। पिटाई से आहत होकर उसने अपने कमरे में सो रही मां को अंदर बंद करके बाहर से कुंडी लगा दी। वहीं नशे के कारण बड़ा भाई खटिया पर सो रहा था। इसके बाद पीलूराम ने घर में रखे कुल्हाड़ी से बड़े भाई के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ने यह भी बताया कि बड़ा भाई बेवजह मारपीट करता था। घटना के समय मृतक की पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई थी। घर पर केवल बुजुर्ग मां ही थी।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202406101000146/**

**विषय:- अ-6 मामले की श्रेणी: राजस्व सन:-2023-2024**

खेदामारा (प.ह.न. 00011),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार सी. बीजू, श्रीमती बिन्दु सुरेश, के. आर. सुमती, अनावेदक पक्षकार पी. एन. चन्द्रशेखरन,

**ईश्तहार**

आवेदक - सी. बीजू पिता/पति/विभाग स्व.पी. एन. चन्द्रशेखर पता-शांति नगर भिलाई अन्य 2 द्वारा ग्राम - खेदामारा प.ह.न. ।। रा.नि. म. जेवरा सिरसा, तहसील व् जिला-दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 534/2, 534/8, 534/9, 537/1, 539/1, 541/2, 541/17, 544/7, 1066/1, 1057/20 रकबा 0.0800, 0.0800, 0.0960, 0.0200, 0.0400, 0.0100, 0.0100, 0.0565, 0.0100 कुल रकबा 0.4125 हे. है। जो आवेदक के पिता पी.एन. चंद्रशेखरन आ. नानू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी पी. एन. चंद्रशेखरन आ. नानू की मृत्यु दिनांक 03.10.2023 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण बाबात आवेदन पत्र मय खसरा बी. ।, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2024 को जारी किया जाता है।

GURUDATT PANCHBHAYE
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर



**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
ई-मेल: mandi.durg.cg@gmail.com

क्रमांक / मंडी/ निर्माण / 2024-25 / 519 दुर्ग, दिनांक - 28/06/2024

**-:: संशोधित मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग छ.ग. के कार्यालयीन पत्र क्रमांक/ मंडी/निर्माण / दुर्ग / 2023-24 / 1728 दुर्ग दिनांक - 14.03.2024 के द्वारा विभिन्न स्थलों में निर्माण से संबंधित निर्माण कार्यों हेतु छत्तीसगढ़ संवाद रायपुर के माध्यम से मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर, जिला-दुर्ग के आदेशानुसार दिनांक - 16.03.2024 से लोकसभा निर्वाचन 2024 के आदर्श आचरण संहिता लागू होने के फलस्वरूप उक्त प्रसारित मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना से संबंधित समस्त कार्यावाही को कार्यालयीन पत्र क्रं. / मंडी/ निर्माण / दुर्ग / 2024-25 / 51-52 दुर्ग दिनांक - 12.04.2024 द्वारा स्थगित किया गया था, और लोकसभा निर्वाचन 2024 के आदर्श आचरण संहिता विधिवत समाप्त होने के पश्चात् उक्त निविदा आमंत्रण हेतु आगामी तिथि प्रसरित किया जाना था ।

अतः एतद द्वारा उक्त मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना की आगामी तिथि निम्नानुसार निर्धारित कर आदेश प्रसारित किया जाता है:-

| क्रं. | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | 12.04.2024 को सायं 05:30 बजे तक | 15.07.2024 को सायं 05:30 बजे तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | 25.04.2024 को सांय 05:30 बजे तक | 23.07.2024 को सायं 05:30 बजे तक |
| 3 | निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि | 30.04.2024 को दोप. 02:00 बजे से | 29.08.2024 को दोप. 02:00 बजे से |

**उक्त मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना की शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी । कृपया सर्वसंबंधित सूचना जाने ।**

S-40649/3

प्रभारी सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग,
जिला - दुर्ग (छ.ग.)



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास-खबर

### भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में 'मिशन लक्ष्मी' के तहत 28 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**भिलाई।** मिशन लक्ष्मी के तहत 1 जुलाई 2024 को भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय, सेक्टर 06 में महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और नि:शुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी. आई. ओ. (दुर्ग) डॉ. दिव्या श्रीवास्तव उपस्थित थीं। 'मिशन लक्ष्मी' के तहत बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आयरन, फोलिक एसिड व अल्बंदाजोल टेबलेट का वितरण तथा रक्त में हीमोग्लोबिन व शुगर की मात्रा की जाँच व पेप स्मेअर जाँच करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी जाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने 'मिशन लक्ष्मी' कार्यक्रम की सराहना करते हुए डायरिया के रोकथाम पर विशेष जानकारी प्रदान की व उपस्थित महिला सफाईकर्मियों को जागरूक किया7 कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. मनीषा कांगो द्वारा मिशन लक्ष्मी की परिकल्पना, महत्व तथा भविष्य में इसके विस्तार पर प्रकाश डाला गया7 डॉ. निशा ठाकुर ने स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण तथा सजगता के बारे में अवगत कराया व श्रीमती लता मिश्रा द्वारा खान-पान व संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### सहायक कलेक्टर को भिलाई 3 चरोदा निगम का स्वतंत्र प्रभार

**भिलाई।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री एम. भार्गव (भा.प्र.से.) सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री भार्गव (भा.प्र.से.) को 01 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक चार सप्ताह की अवधि के लिए आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में श्री दशरथ सिंह राजपूत आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई 3 चरोदा के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों को किया गया सम्मानित

**दुर्ग।** जिले में सेवानिवृत्त हुए 30 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र उनके सेवानिवृत्ति के पूर्व ही जारी कर दिया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के द्वारा इन्हें कलेक्टोरेट सभागृह में सम्मान समारोह में पेंशन प्राधिकार पत्र के साथ पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिला कोषालय द्वारा आयोजित कार्यकम को लेकर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों में काफी उत्साह रहा। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि संभागीय संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेशन दुर्ग द्वारा इस माह पूरे संभाग के लिये कुल 196 शासकीय सेवकों का पी.पी.ओ./जी.पी.ओ. जारी किया गया। जिसमें दुर्ग जिले के 63 शासकीय सेवक शामिल है। समारोह में स्कूल शिक्षा, राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, जल संसाधन एवं पंचायत विभाग के शासकीय सेवक शामिल रहे। समारोह में डॉ. दिवाकर सिंह राठौर संभागीय संयुक्त संचालक, राघवेन्द्र कुमार, चन्द्रभूषण साहू, संतोष कुमार कंडरा सहायक कोषालय आदि उपस्थित रहे।

## नए कानून लागू होने पर दुर्ग पुलिस ने मनाया उत्सव

# एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा- पीड़ित को तत्काल न्याय दिलाने तैयार किया गया नया कानून

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। एक जुलाई 2024 को भारत सरकार द्वारा संपूर्ण भारत में इसे लागू कर दिया गया है। इस अवसर पर सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में नवीन कानून शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि पूरे देश में भारतीय न्याय संहिता लागू कर दी गई है। एसपी ने बताया कि पूर्व में भारत में अंग्रेजों के द्वारा बनाया गया कानून लागू था जो की 1861 में भारत के लोगों को कंट्रोल करने के लिए बनाया गया था। भारत सरकार ने वर्तमान स्थिति में हो रहे नए-नए अपराधों एवं पीड़ित को तत्काल न्याय दिलाने के लिए नया कानून बनाया है। इस आयोजन का उद्देश्य आम नागरिकों को कानून के कम से कम थोड़े बहुत नियमों की जानकारी होना चाहिए।**






आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी, नगर निगम भिलाई आयुक्त देवेश ध्रुव, डीएफओ दुर्ग चंद्रशेखर सिंह परदेसी, ष्ठरूअरविंद कुमार एक्का मौजूद रहे। कार्यक्रम के इस कार्यक्रम उपस्थित विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि जब आप किसी भी कानून को पढ़ोगे तभी आपको उसे कानून की जानकारी होगी अगर आपको अपनी बात किसी भी शासकीय संस्था में रखनी है तो सर्वप्रथम कानून की जानकारी एवं हमारे अधिकार की जानकारी होना जरूरी है आज का यह नया कानून हम सभी को मालूम होना चाहिए जो कि हमें यूट्यूब पर आसानी से मिल सकता है पूर्व में लोगों द्वारा किसी की गलत शिकायत करने पर निर्दोष को भी सजा हो जाती थी अब नए कानून में ऐसा नहीं होगा सभी के लिए अलग-अलग नियम बनाए गए हैं जो कि देश हित एवं राष्ट्रहित में है।

### भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता : आईजी गर्ग

कार्यक्रम के दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग पूर्व में जो भारतीय दंड संहिता थी वह अब भारतीय न्याय संहिता हो गई। नाम से ही स्पष्ट है पहले दंड के लिए कानून बनाया गया था अब पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए कानून बनाया गया है। इस नए कानून में जीरो स्न्नढ्ढक्र के माध्यम से आप भारत के किसी भी थाने में जाकर अपना रिपोर्ट लिखा सकते हैं। पुलिस वाला आपको मना नहीं करेगा और आपके रिपोर्ट को आपके थाना क्षेत्र में ट्रांसफर कर देगा। अब आप पुलिस के ईमेल एड्रेस एवं नंबर पर भी श्व स्न्नढ्ढक्र के माध्यम से रिपोर्ट लिख सकते हैं परंतु तीन दिवस के भीतर संबंधित थाने में जाकर आपको फिर कॉपी पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा पहले पुलिस को समय सीमा थी। इस कानून में न्यायालय को भी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए समय सीमा निर्धारित किया गया है।

### नया कानून हम सभी को जानना चाहिए : गजेन्द्र यादव

दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव द्वारा सर्वप्रथम समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को कानून लागू होने पर बधाई दी गई अंग्रेजों द्वारा बनाए गए दंड संहिता में आम नागरिक पुलिस के संपर्क में जाने से डरता था जबकि पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर लोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम पुलिस मित्र बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाता था। दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने अपने उद्बोधन में बताया कि देर से ही परंतु भारत के इस नए कानून मिलने पर सभी भारतवासियों को बहुत-बहुत बधाई यह नया कानून हम सभी को जानना चाहिए जो लोग कानून के जानकार होते हैं वे पुलिस एवं न्यायालय तक पहुंचते ही नहीं है जो लोग जानकारी नहीं होते हैं वही गलती में अपराध करते हैं इसलिए हमें कानून के थोड़ा बहुत जानकारी अवश्य होना चाहिए।

### अंग्रेजों ने भारतीयों को दंडित करने बनाया था कानून : कलेक्टर

दुर्ग जिला दंडाधिकारी रिचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि अंग्रेजों के द्वारा जो कानून बनाया गया था वे अपने लिए इस कानून को बनाए थे और भारत वासियों को दंडित करने के लिए लागू किए थे जिला दंडाअधिकारी द्वारा सभी विभाग जैसे महिला बाल विकास, राजस्व विभाग अन्य शासकीय विभाग सभी को अपने-अपने विभाग में नए कानून में जो परिवर्तन हुए हैं उसे संबंध में जानकारी होना आवश्यक बताया गया जिस प्रकार हम ट्रैफिक एवं नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं इस प्रकार नए कानून को भी आम नागरिकों तक पहुंचाने का कार्य करना होगा।

### एएसपी ने अथितियों व आगंतुकों का किया अभिनंदन

कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर कार्यक्रम द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों, स्कूली छात्र छात्राओं आम लोगों का अभनंदन किया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, पद्मश्री, सत्य प्रकाश तिवारी सीएसपी भिलाई नगर, सतीश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक राजकुमार प्रभारी भिलाई नगर, पुलिस विभाग के रिटायर्ड अधिकारियों सहित दुर्ग पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कुछ प्रमुख धाराएं पहले और अब

धाराओं में भी कई बदलाव किए गए है। जिनमें महिला संबंधी अपराधों में आईपीसी 354 बीएनएस 74 में, आईपीसी 354ए बीएनएस 75 में, आईपीसी 354बी बीएनएस 76 में, आईपीसी 354सी बीएनएस 77 में, आईपीसी 354डी- बीएनएस 78 में, आईपीसी 509 बीएनएस 79 में बदल गए है। इसी प्रकार चोरी संबंधी अपराध आईपीसी 379 बीएनएस 303(2) में, आईपीसी 411 बीएनएस 317(2) में, आईपीसी 457 बीएनएस 331(4) में, आईपीसी 380 बीएनएस 305 में बदल गए है। लूट संबंधी अपराध आईपीसी 392 बीएनएस 309(4) में, आईपीसी 393 बीएनएस 309(5) में, आईपीसी 394 बीएनएस 309(6) में बदल गए है। हत्या-आत्महत्या संबंधी अपराध आईपीसी 302 बीएनएस 103(1) में, आईपीसी 304(बी) बीएनएस 80(2) में, आईपीसी 306 बीएनएस 108 में, आईपीसी 307 बीएनएस 109 में, आईपीसी 304 बीएनएस 105 में, आईपीसी 308 बीएनएस 110 में बदल गए है। धोखाधड़ी संबंधी अपराध आईपीसी 419 बीएनएस 319(2) में, आईपीसी 420 बीएनएस 318(4) में, आईपीसी 466 बीएनएस 337 में, आईपीसी 467 बीएनएस 338 में, आईपीसी 468 बीएनएस 336(3) में, आईपीसी 471 बीएनएस 340(2) में बदल गए है। ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्यारों को 302 नहीं 101 में सजा मिलेगी। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में धाराएं 358 रह गई हैं। आपराधिक कानून में बदलाव के साथ ही इसमें शामिल धाराओं का क्रम भी बदल जाएगा।

- धारा 124 : आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान रखती थी। नए कानूनों के तहत राजद्रोह को एक नया शब्द देशद्रोह मिला है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में देशद्रोह को रखा गया है।
- धारा 144 : आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना थी। भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है।
- धारा 302 : पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।
- धारा 307 : नए कानून के अस्तित्व में आने से पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी।
- धारा 376 : दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है।
- धारा 420 : भारतीय न्याय संहिता में धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 17 में रखा गया है।

## आंगनबाड़ी का निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त ध्रुव, व्यवस्थाएं देख हुए संतुष्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव मंगल बाजार छावनी में सुबह 8 बजे पहुंच गये। वहां जाकर बच्चो की उपस्थिति को चेक किये। बच्चो से बात किये। यह भी जांच किये की शासन द्वारा निर्धारित पौष्टिक भोजन किस प्रकार से वितरित किया जा रहा है। उसका स्वाद कैसा है खाना समय पर बन करके नियमित मिल रहा है की नहीं। बच्चों को भोजन किस प्रकार परोसा जा रहा है।

गर्भवती महिलाओ को पौष्टिक भोजन, कुपोषित बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने की मात्रा एवं प्रतिदिन, क्या- क्या भोजन प्रदान किया जाता है। आदि की जानकारी प्राप्त किये।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने आयुक्त से बाउण्ड्रीवाल की मांग की। उन्होने बताया कि आंगनबाड़ी के सामने मंगल बाजार मार्केट है लोगो का आना जाना लगा रहाता है, जिससे बच्चो के लिए परेशानी हो रही है। आयुक्त ने बाउण्ड्रीवाल बनाने के लिए अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े को निर्देश देते हुए, यह भी कहा कि निर्धारित समय अवधि के अंदर बाउण्ड्रीवाल को पूर्ण करवाये।

## 1111 पौधरोपण का संकल्प, चेंबर ने शुरू किया अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई पर्यावरण की रक्षा के संकल्प में एक कदम आगे बढ़ाते हुए 1111 पौधरोपण करने का अभियान एक व्यापारी एक पेड आज प्रारम्भ किया। इस अभियान की शुरुआत सुपेला क्षेत्र से की गई।

महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में 1111 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है इसके तहत आज सुपेला होजियरी मार्किट में मार्किट अध्यक्ष राकेश मल्होत्रा व होजियरी मार्केट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पौधा हाथ मे लेकर यह संकल्प लिया कि इस वृक्ष को रोपित कर इसकी देखभाल व संरक्षण स्वयं करेंगे। पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

इस अभियान में आज हार्डवेयर लाइन, गणेश मार्केट, आकाशगंगा, चूड़ी लाइन व



रामनगर मार्किट में व्यापारियों ने शपथ ली। हार्डवेयर लाइन में हरीश शर्मा, गणेश मार्किट में विनोद प्रसाद, आकाशगंगा में राहुल चेलानी व रामनगर में एस समन के नेतृत्व में सभी व्यापारियों ने वृक्ष लेकर शपथ ग्रहण की। हार्डवेयर लाइन में पौधरोपण भी किया गया। सुपेला मार्किट क्षेत्र में श्री एस के अग्रवाल जी एवम श्री नरेश जसवानी, मयंक विरवानी, शंकर नवानि, विकास सचदेव, लक्ष्मण आयलानी को वृक्ष मित्र नियुक्त किया गया उपहार स्वरूप पौधा भेंट किया गया। इस अभियान में मुख्यरूप से शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा,सरोजनी पाणिग्रही,सुमन कनोजे,सविता शर्मा,राजू शदाणी,संतोष गोयल,राम खेतवानी,रामपू अग्रवाल व अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

# वार्डवासियों ने नाली से अवैध कब्जा हटवाने रखी मांग

## कलेक्टर जनदर्शन में मिले 150 आवेदन, पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने गरीब विधवा ने लगाई गुहार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 150 आवेदन प्राप्त हुए।**




जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे रामनगर सुपेला वार्ड 19 भिलाई के निवासियों ने बताया कि नवनिर्मित मकान मालिक द्वारा अपनी जमीन के बाहर नाली पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है, नाली पर अवैध निर्माण हो जाने के कारण पानी निकासी की समस्या आ रही है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार भिलाई नगर को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। घासीदास नगर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आवेदन किया। उन्होंने बताया कि वह विधवा है उनका एक बेटा है, जो पढ़ाई कर रहा है। आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण कच्चे मकान में निवासकर जीवकोर्पाजन कर रही है, जिसमें हमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नाम सूची में दर्ज होने के पश्चात भी आज दिनांक तक इस योजना का लाभ नही मिल पाया है। इस पर अपर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को कार्यवाही करने को कहा।

### अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन की मांग

वार्ड नंबर 12 मोहन नगर निवासी ने अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन हेतु आवेदन दिया। वार्ड नंबर 12 में पानी की परेशानी को देखते हुए वार्डवासियों द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन हेतु जल घर में आवेदन प्रस्तुत किया गया। लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही हो पाई है। वार्डवासियों को पानी के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### सिरसाकला में काबिज भूमि का पट्टा दिलाने की मांग

ग्राम सिरसा कला निवासी ने काबिज भूमि का पट्टा दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनका गरीब परिवार 50 वर्षो से कच्चा मकान बनाकर निवासरत है। नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा में टैक्स जमा किया जा रहा है। मकान पट्टा के संबंध में आसपास में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नही है। निवासरत जमीन के अलावा कोई भी खेती बाड़ी नही है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार भिलाई-3 को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड में नाम जोड़वाने, अनुकम्पा नियुक्ति, भारत माला परियोजना अंतर्गत मुआवजा राशि दिलाने, स्कूल में एडमिशन दिलाने, जाति प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार के आवेदन के साथ-साथ अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

## 31 अधिकारी व कर्मचारियों को दी गई विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई, के 31 अधिकारी व कर्मचारियों को सोमवार को ससम्मान विदाई दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग के अध्यक्ष संदीप निरंकारी ने अधिकारी व कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने सेवा के दौरान अनुभव को साझा किया।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है पूर्व साडा और वर्तमान नगर पालिका निगम भिलाई में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के



बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। यूनियन के सभी पदाधिकारी ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियो के बारे में कहा कि इन कर्मचारियों ने निगम हित में पूरी निष्ठा एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों को जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुए कार्य किए है। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है, उन्होंने सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना किए। सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारी नरेन्द्र कुमार शुक्ला, मोहन लाल मेश्राम, अरूण कुमार जांगड़े, बिसहत राम, इसरावती, लेखराम, एन.गेबियास, कोंदाराम, पतिराम बरेठ, भूपेश्वर सिंह देशमुख, सुनील कुमार नेमाड़े, देवेन्द्र कुमार श्रीवास, बलवंत सिंह, पुष्पा बाई, टहलराम, रिखीराम, रमेशर निषाद, तरूण कुमार रणदिवे, एच.के.चंद्राकर, कौशिल्या यदु, श्री अरूण कुमार सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, जगन्नाथ सिंह, चिन्ताराम वर्मा, श्री रामरतन, श्री गुहादास जोशी, सुभाष चंद, धनीराम यादव, मनहरण लाल चंद्राकर, अलखराम यादव, गिरजा देवी एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950